●वर्ष : 16 ●अंक : 263 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 15 जनवरी 2025



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


## समाचार

सेना प्रमुख ने योद्धाओं को किया याद

### हमने पूर्व सैनिकों के लिए किया काम: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों के योगदान और समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र में एक ऐसी सरकार है जिसने हमेशा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए काम किया। वहीं, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पुणे में आर्टिफिशियल लिम्ब सेंटर का दौरा किया। यहां उन्होंने नए उपरी लिम्ब ट्रेनिंग लैब का उद्घाटन किया। साथ ही पूर्व सैनिकों के योगदान पर प्रकाश डाला। बता दें, भारत में हर साल सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। सशस्त्र बल के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा द्वारा प्रदान की गई सेवा को मान्यता देने के लिए 14 जनवरी को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है, जो 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। पहली बार इस दिवस को मनाने की शुरूआत 2016 में हुई थी। इस वर्ष 9वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर कहा, ह्यसशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर हम उन बहादुर महिलाओं और पुरुषों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। हमारे पूर्व सैनिक नायक हैं और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक हैं। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जिसने हमेशा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए काम किया है और हम आने वाले समय में भी ऐसा करते रहेंगे। वहीं, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज पुणे में आर्टिफिशियल लिम्ब सेंटर का दौरा किया। उन्होंने सेंटर की अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

# सरकार की नीतियां राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली पर निर्भर: राष्ट्रपति

### सांख्यिकी प्रभावी शासन की रीढ़

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'शासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व लाने का एक उपकरण सांख्यिकीय विश्लेषण है। सांख्यिकी न केवल प्रभावी शासन की रीढ़ है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास का एक उपकरण भी है। किसी भी नीति को सही तरीके से तैयार करने के लिए आंकड़े एक दम सटीक होने चाहिए। इसलिए यह सांख्यिक सेवा अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे सही आंकड़े एकत्र करें, जो ठोस और उद्देश्यपूर्ण निर्णयों का आधार बन सकें।



### 'नई तकनीकों का इस्तेमाल भी जरूरी'

उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि आज के समय में नई तकनीकों का इस्तेमाल भी जरूरी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रेडिक्टिव एनालिसिस और मशीन लर्निंग के बढ़ते उपयोग को देखते हुए यह जरूरी हो गया है कि आप इन नई तकनीकों का प्रभावी रूप से उपयोग करें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारतीय सांख्यिक सेवा के अधिकारियों द्वारा किए गए शोध से नीतियों को तैयार किया जा सकता है जो देश की बदलती जरूरतों का जवाब दे सके। कृषि, उद्योग और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक योजना में योगदान देने के लिए सांख्यिकीय मॉडलिंग और पूवार्नुमान तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

नूना न्यूज एजेंसी।

-------------

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को भारतीय सांख्यिक सेवा (आईएसएस) के प्रशिक्षुओं से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय उपकरण और मात्रात्मक तकनीकें प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, क्योंकि ये नीतिगत निर्णयों के लिए ठोस आंकड़ों का आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार को नीतियों को बनाने, लागू करने और मॉनिटर करने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की निष्पक्ष समझ और मूल्यांकन के लिए आंकड़ा चाहिए होता है।' उदाहरण देते हुए, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में इकट्ठे किए गए आंकड़े- साक्षरता दर, स्कूल में नामांकन, स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर और बीमारियों की प्रवृत्तियों की निगरानी के लिए आधार बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आईएसएस अधिकारी राष्ट्रीय खाते, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और अन्य महत्वपूर्ण सूचकांकों को तैयार करने के जिम्मेदार होते हैं, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को मापने में मदद करते हैं। इसके अलावा, वे सामाजिक आंकड़ों पर काम करते हैं, जैसे जनसंख्या, मानव विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के आंकड़े।

### 'आंकड़े बनते हैं नीति निर्माण का आधार'

उन्होंने यह भी कहा कि सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या, रोजगार आदि के आंकड़े जुटाने वाली राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली पर निर्भर करती हैं। ये आंकड़े नीति तैयार करने के लिए आधार बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्राचीन सभ्यताओं में भी शासक कर संग्रहण के लिए साधारण जनगणना आंकड़ों का उपयोग करते थे।

### इस बात पर भी राष्ट्रपति ने दिया जोर

राष्ट्रपति ने आईएसएस अधिकारियों से आग्रह किया कि वे आंकड़े संग्रहण के दौरान आम लोगों, खासकर गरीब और वंचित वर्गों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहें। उन्होंने कहा, 'आप जो भी आंकड़े इकट्ठा करेंगे उसे लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा।'

## विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में निभाएगा अहम भूमिका

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं।


**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


# गृह मंत्री पद की गरिमा बनाए रखें: शरद पवार



नूना न्यूज एजेंसी।

-------------

**मुंबई** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान से नाराजगी जाहिर की और कहा कि गृह मंत्री पद की गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए। दरअसल अमित शाह ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 1978 में जो धोखेबाजी की राजनीति शुरू हुई थी, उसको 20 फुट जमीन में दफनाने का काम आप लोगों ने किया है। अमित शाह के इस बयान को शरद पवार पर निशाना माना गया क्योंकि 1978 में शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। शरद पवार ने याद करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए मुझे विपक्ष में होते हुए भी, भुज में आए भूकंप के बाद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया था। वरिष्ठ नेता ने कहा कि 'इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन किसी को भी उनके राज्य से निर्वासित नहीं किया गया था। जब वे गुजरात में नहीं रह सकते थे तो वे बालासाहब ठाकरे की मदद मांगने आए थे।' शरद पवार की इस टिप्पणी को अमित शाह पर तीखा हमला माना जा रहा है क्योंकि साल 2010 में शोहराबुद्दीन शेख फर्जी एनकाउंटर मामले में अमित शाह को गुजरात से निर्वासित कर दिया गया था।

### शरद पवार बोले- गृह मंत्री पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए

अब अमित शाह की टिप्पणी पर शरद पवार ने प्रतिक्रिया देते हुए अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'मैं 1978 में मुख्यमंत्री था। मुझे उनका नहीं पता कि वो कहां थे। जब मैं मुख्यमंत्री था तो जनसंघ के उत्तमराव पाटिल जैसे लोग मेरे मंत्रालय में थे। गृह मंत्री पद की गरिमा को बरकरार रखा जाना चाहिए।' पवार ने कहा कि 'पहले राजनेताओं के बीच सुसंवाद होता था, लेकिन आज वो नदारद है।

# मौलूद-ए-काबा इमाम अली इब्ने अबुतालिब (एएस) की 1467 वीं जयंती पर सेहरा जुलूस का झंडा, वेंकटेश्वर राव और फि रासथ अली बाकरी द्वारा






नूना न्यूज एजेंसी।

-------------

**हैदराबाद।** एसीपी मिरचौक वेंकटेश्वर राव अकेले भाजपा के पूर्व राज्य प्रवक्ता मीर फिरासथ अली बाकरी के साथ वार्षिक सेहरा जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रथम इमाम अली इब्ने अबू तालिब (अ.स.) सैयद अब्बास नवाब की जयंती के शुभ अवसर पर श्री अली रजा सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा। मीर अब्बास अली रजवी, सईद, मीर मोहम्मद फजला अब्बास रजवी, नुशाद रजा ने भी जुलूस को बरघा सकीना, अली जाह कोटला से मौला अली, वाया मीर आलम मंडी, दारुलशिफा, चदरघाट, बरकतपुरा, नल्लाकुंटा, तनाका, लालापेट, मौला अली तक देखा। भाजपा वरिष्ठ नेता मीर फिरासत अली बाकरी, पूर्व राज्य प्रवक्ता तेलंगाना सभी को #1467 वीं जयंती (विलादत) जहूर-ए-नूर अमीर अल-मोमिनिन (वफादारों के कमांडर) प्रथम इमाम अली इब्ने अबू के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई तालिब (अ.स.) प्रारंभिक इस्लामी इतिहास में एक प्रमुख व्यक्ति थे। पारंपरिक विवरणों के अनुसार, हजरत अली (अ.स.) सऊदी अरब के मक्का शहर में पवित्र काबा के अंदर पैदा होने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। जहूर नूरः 13 रजब, 23 बीएच/ 595 ई. में सऊदी अरब के मक्का स्थित पवित्र काबा के अन्दर यह मूर्ति स्थापित की गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में 44 गिरफ्तार

**पथानामथिट्टा।** केरल में दलित महिला एथलीट से किशोरावस्था में कई बार दुष्कर्म किए जाने के सनसनीखेज मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस मामले में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, 18 वर्षीय पीड़िता ने बताया था कि पिछले पांच साल में 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया था। उसकी आपबीती सामने आने पर पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में कई एफआईआर दर्ज की गई थी। अब जांच कर रहीं डीआईजी एस अजीता बेगम ने बताया कि महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के सिलसिले में 30 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। साथ ही 59 आरोपियों में से 44 को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'दो आरोपी फरार हैं। वे इस समय विदेश में हैं। हम उनके लिए लुक आउट सर्कुलर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। हम इंटरपोल के जरिए उनके लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की भी योजना बना रहे हैं। इनके अलावा 13 और लोगों को गिरफ्तार किया जाना है।' अधिकारी ने कहा, 'हम आरोपियों के ठिकानों की तलाश कर रहे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसआईटी द्वारा एक फूलप्रूफ और वैज्ञानिक जांच की जाएगी। हम किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ेंगे। कोई समझौता नहीं होगा। हम उन सभी को कानून के कठघरे में लाएंगे।' पुलिस ने बताया कि अबतक की जांच से पता चला है कि आरोपी लड़की से पथनमथिट्टा के एक निजी बस स्टैंड पर मिले थे। इसके बाद उसे वाहनों में विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

# गोवा से मुंबई जा रहे इंडिगो के विमान में बम की अफवाह

**मुंबई।** गोवा से मुंबई जा रहे इंडिगो के एक विमान को बम से उड़ाने की अफवाह फैल गई। इसके बाद विमान की सुरक्षा जांच हुई। वहीं मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकाल घोषित कर दिया गया। सुरक्षा जांच होने पर करीब एक घंटे बाद आपातकाल को वापस लिया गया। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि विमान संख्या ई 5101 को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद आइसोलेशन बे में भेज दिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया और संबंधित अधिकारियों से मंजूरी के बाद विमान को वापस टर्मिनल पर भेज दिया गया। एयरलाइन ने यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया।

एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि विमान में एक नोट मिला था। जिसमें बम की धमकी का संदेश था। अधिकारी ने कहा कि रात करीब साढ़े दस बजे मुंबई हवाई अड्डे पर इमरजेंसी घोषित की गई। जिसे रात साढ़े ग्यारह बजे वापस ले लिया गया और कहा कि धमकी झूठी निकली।

पिछले साल अक्तूबर और नवंबर में कई उड़ानों में बम होने की फर्जी धमकियां मिली थीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# केंद्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद में मनाई मकर संक्रांति, पतंगबाजी में आजमाए हाथ, सीएम भी रहे साथ



नूना न्यूज एजेंसी।

-------------

**अहमदाबाद।** पूरे देश में आज मकर संक्रांति की धूम है। त्योहार के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात पहुंचे। उन्होंने अहमदाबाद के मेमनगर इलाके में शांति निकेतन सोसाइटी के लोगों के साथ मकर संक्रांति मनाई। इस दौरान उन्होंने पतंग भी उड़ाई। उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर सोसाइटी को रंग-बिरंगी पतंगों और रंगोली से खूबसूरती से सजाया गया था। लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम भूपेंद्र पटेल का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक ढोल नगाड़ों की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम भूपेंद्र पटेल ने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

# बस में कोई खराबी नहीं थी, आरोपी चालक की लापरवाही से हुआ हादसा: अदालत

### बस ने आरोपी ड्राइवर की दलीलें मानने से किया इनकार

आरोपी बस चालक ने अदालत से जमानत देने की मांग करते हुए दलील दी थी कि बस में मैकेनिकल खराबी के चलते दुर्घटना हुई। मोरे ने दावा किया है कि दुर्घटना बस के खराब रखरखाव या ब्रेक फेल होने या तकनीकी खराबी के कारण हुई। लेकिन अदालत ने इस दलील को मानने से इनकार कर दिया। आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) की रिपोर्ट में बताया गया है कि बस में कोई यांत्रिक खराबी नहीं थी। अदालत ने कहा, 'यह मानना मुश्किल है कि बस में कोई यांत्रिक/तकनीकी खराबी या ब्रेक फेलियर था, जिसके कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई।'




**मुंबई।** बीते महीने मुंबई में हुई बस दुर्घटना के मामले में सत्र अदालत सुनवाई कर रही है। सत्र अदालत ने आरोपी बस ड्राइवर की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि बस चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाई और ये मानने की कोई वजह नहीं है कि बस में कोई तकनीकी खराबी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी एम पठाडे ने 10 जनवरी को आरोपी चालक संजय मोरे (54) की जमानत याचिका खारिज कर दी। मंगलवार को इस आदेश की विस्तृत जानकारी सामने आई। अदालत ने कहा कि ड्राइवर की लापरवाही के चलते बस में सवार यात्रियों की जान को खतरा था, बल्कि भीड़भाड़ वाली सड़क पर चलने वाले लोगों की जान भी खतरे में थी। आदेश में कहा गया, 'प्रथम दृष्टया यह देखा गया है कि आरोपी बहुत ही तेज और लापरवाही से बस चला रहा था, जबकि सड़क का इस्तेमाल कई अन्य लोग भी कर रहे थे और बस में कई यात्री भी थे।' न्यायाधीश ने कहा, 'अपराध की गंभीरता को देखते हुए और आरोपी पर जिन अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया है, उसमें आरोपी को जमानत पर रिहा करने का मामला उचित नहीं लगता।'

# पर्यटन मंत्रालय ने महाकुंभ को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए कई अहम कदम उठाए

नई दिल्ली जनवरी : पर्यटन मंत्रालय महाकुंभ 2025 को न केवल आध्यात्मिक समागमों के लिए बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए भी एक ऐतिहासिक आयोजन बनाने के लिए तैयार है। इस पावन अवसर का जश?न मनाने के लिए मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहल कर रहा है। यह महाकुंभ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक समागमों में से एक है, जो हर 12 साल में भारत के चार स्थानों में से एक पर आयोजित किया जाता है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी को शुरू होगा और 26 फरवरी तक चलेगा। इसे पूर्ण कुंभ भी कहा जाता है। इस विशाल आयोजन में दुनिया भर से लाखों भक्तों, पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। यह भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत और पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है।

पर्यटन मंत्रालय इस महाकुंभ में 5000 वर्ग फीट का विशाल अतुल्य भारत मंडप स्थापित कर रहा है, जो विदेशी पर्यटकों, विद्वानों, शोधकताओं, फोटोग्राफरों, पत्रकारों, प्रवासी समुदाय, भारतीय प्रवासियों आदि को सुविधा प्रदान करेगा। यह मंडप आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कुंभ मेले के महत्व को



दशार्या जाएगा। इस मंडप में देखो अपना देश - लोगों की पसंद का सर्वेक्षण भी होगा, जिसमें आगंतुक भारत में अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों के लिए वोट कर सकेंगे।

## नए कौशलों की बढ़ती प्राथमिकता के साथ त्यौहारी मांग ने बढ़ाई भर्तियों की रफ्तार

- टियर-1 और टियर-2 शहरों में नौकरियों का विस्तार

नई दिल्ली जनवरी : इनडीड के हालिया सर्वे में भारत के ब्लू-कॉलर जॉब मार्केट में हो रहे महत्वपूर्ण बदलाव उजागर हुए हैं। सर्वे के अनुसार, विभिन्न उद्योगों में 2.43 मिलियन ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। क्विक कॉमर्स सेक्टर, जिसमें अकेले पाँच लाख नौकरियाँ सृजित होंगी, इस बदलाव में अग्रणी है। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स शशि कुमार ने कहा कि क्विक कॉमर्स केवल सुविधा नहीं, बल्कि सस्टेनेबल रोजगार का निर्माण कर रहा है। हर डिलीवरी ड्राइवर और वेयरहाउस वर्कर एक नई कहानी का प्रतिनिधित्व करता है, जो लाखों परिवारों के जीवन को बदल रहा है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में त्योहारी शॉपिंग और ई-कॉमर्स की मांग के चलते लगभग 40 हजार नई भर्तियाँ हुईं। डिलीवरी ड्राइवर, वेयरहाउस एसोसिएट्स और लॉजिस्टिक्स को-ऑर्डिनेटर्स की भूमिका अहम बन गई है। चेन्नई, पुणे, बैंगलोर जैसे टियर-1 शहरों में नियुक्ति गतिविधियाँ तेज हैं, जबकि चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे टियर-2 शहरों में भी नौकरियाँ बढ़ रही हैं। भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए नैविगेशन, डिजिटल साक्षरता, डेटा एनालिसिस, प्रबंधन और टेक सपोर्ट जैसे कौशलों पर जोर दिया जा रहा है। ऑटोमेशन और डिजिटल टूल्स इन भूमिकाओं को आकार दे रहे हैं। क्विक कॉमर्स और अन्य सेक्टर्स मिलकर भारत में ब्लू-कॉलर जॉब्स के विकास को नई ऊँचाई पर ले जा रहे हैं।कौशल की कमी को दूर करने के लिए कई क्विक कॉमर्स कंपनियाँ प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश कर रही हैं ताकि कर्मचारियों को टेक्नोलॉजी के एडॉप्शन, कस्टमर सेवा, और ऑपरेशंस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में कौशल प्रदान किया जा सके।

## कुपोषण को खत्म करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना ही महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का मकसद

नई दिल्ली जनवरी : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 10 से 12 जनवरी के दौरान चिंतन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए, जिनमें महिला एवं बाल विकास विभागों के 16 राज्य मंत्री शामिल थे, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की केंद्रीय सलाहकार परिषद् (मर्कजी मजलिस-ए-शूरा) की बैठक में पारित प्रस्ताव

**नई दिल्ली, 14 जनवरी:** तमिलनाडु के इला गिरी में 7 - 9 जनवरी 2025 तक आयोजित जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के केंद्रीय सलाहकार परिषद् (मर्कजी मजलिस-ए-शूरा) की बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए।राष्ट्रीय समस्याएंः जमाअत -ए-इस्लामी हिंद के केंद्रीय सलाहकार परिषद् की यह बैठक देश में वर्तमान सांप्रदायिक और आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। बैठक में इस तथ्य पर प्रकाश डाला गया कि देश की वर्तमान सरकार जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर ध्यान देने के बजाय, सांप्रदायिक प्रवृति के महत्वहीन मुद्दों को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों का रंग देकर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने में व्यस्त है। एक राष्ट्र एक चुनाव, वक्फ संशोधन विधेयक और समान नागरिक संहिता जैसे प्रस्ताव इसी रणनीति का हिस्सा हैं। इनके जरिए सत्ताधारी दल देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, शांति एवं व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और मणिपुर में लंबे समय से चली आ रही हिंसा जैसी गंभीर समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है जो उनकी ज़िंदगी को दिन-प्रतिदिन मुश्किल बना रही हैं।

## श्री श्याम बाबा मंदिर से ढाई किग्रा चांदी का मुकुट चोरी

समालखा, जनवरी : चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर का ताला तोड कर चोरए बाबा खाटू श्याम की मूर्ति से चांदी का मुकुट और पांच छत्र चोरी कर ले गए। चोरी का पता सोमवार तडके लगभग तीन बजे तब चला, जब पुजारी मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के प्रधान रोशन लाल छौक्कर के अनुसारए चोरी की गई वस्तुओं में करीब ढाई किलो चांदी के छोटे.बड़े पांच छत्र और एक मुकुट शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही समालखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कीए जिसमें चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई है।

## नई दिल्ली में द्वभाषीय शिक्षा एवं अनुसंधान पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली जनवरी : भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) नई दिल्ली ने लिंग्विस्टिक एम्पावरमेंट सेल (एलईसी), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सहयोग से आज नई दिल्ली स्थित जेएनयू में द्द्दुभाषिया शिक्षा एवं अनुसंधानः संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और भारत के परिप्रेक्ष्यह्ल विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह संगोष्ठी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, नवीन कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने और बधिर समुदाय के लिए सुलभ संचार को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि व्याख्याता, डॉ. ब्रेंडा निकोडेमस, प्रोफेसर एमेरिटा, गैलाउडेट यूनिवर्सिटी, यूएसएऔर डॉ. मार्टी टेलर, कनाडा से सांकेतिक भाषा व्याख्या के एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ और लेखक शामिल हुए। दोनों ने यूएसए, कनाडा और भारत में व्याख्या अनुसंधान, शिक्षा और अभिनव कार्यप्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक ज्ञान साझा किया।

उद्घाटन सत्र में आईएसएलआरटीसी के निदेशक श्री कुमार राजू; जेएनयू के रेक्टर प्रो. दीपेंद्र नाथ दास; जेएनयू के एलईसी की मुख्य समन्वयकप्रो. प्रीति दास; और डॉ. संदेशा रायपा-गर्बियाल, एपी, जेएनयू द्वारा जानकारीपूर्ण भाषण दिए गए। आईएसएलआरटीसी के सहायक प्रोफेसर डॉ. अंदेशा मंगला द्वारा संचालित तकनीकी सत्रों और पैनल चर्चा में व्याख्या (इंटरप्रटेशन) में तकनीकी नवाचार, नैतिक मानकों और दुभाषिया शिक्षा में प्रगति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रश्न-उत्तर सत्र ने प्रतिभागियों और रिसोर्सपर्सन के बीच दिलचस्प संवाद की सुविधा प्रदान की, जिससे संगोष्ठी और समृद्ध हुई।

## हिंदी भाषी छात्रों के लिए आकाश एजुकेशनल का नया यूट्यूब चैनल

नई दिल्ली जनवरी : आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कक्षा 8 से 12 तक के हिंदी भाषी छात्रों के लिए एक समर्पित यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है। यह चैनल नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करता है। इस पहल का उद्देश्य भाषा से संबंधित बाधाओं को तोड़ते हुए छात्रों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री प्रदान करना है। एईएसएल के एमडी और सीईओ, दीपक मेहरोत्रा ने कहा, हमारा मानना है कि भाषा कभी सीखने में बाधा नहीं बननी चाहिए। हिंदी चैनल के माध्यम से, हम छात्रों को विषयों की गहरी समझ विकसित करने में मदद करने के लिए गर्वित हैं। यह चैनल फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बायोलॉजी और बॉटनी जैसे विषयों की व्यापक जानकारी प्रदान करता है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यशपाल ने कहा कि यह पहल छात्रों को बिना किसी आर्थिक बोझ के मुफ्त संसाधनों तक पहुंच प्रदान करती है।

चैनल पर बुनियादी शिक्षण से लेकर परीक्षा रणनीतियों और प्रेरणात्मक वीडियो तक सामग्री उपलब्ध है। केवल कुछ ही समय में, इस चैनल ने दो लाख सब्सक्राइबर हासिल कर लिए, जो इसकी लोकप्रियता और प्रभाव को दशार्ता है। हिंदी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का यह प्रयास छात्रों के लिए अनमोल साबित हो रहा है।

## 22 लाख की ठगी के मामले में तेलंगाना पुलिस ने सरगना को सिरसा से किया काबू

**सिरसा, जनवरी :** लुधियाना के शास्त्री नगर निवासी राहुल शर्मा की गिरफ्तारी के बाद तेलंगाना पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के मामले में सिरसा से इस करोड़ों की ठगी के सरगना प्रगट सिंह और उसके एक अन्य साथी शाहिद सिंह को काबू कर लिया गया है। दोनों ही आरोपियों को पुलिस ने सिरसा अदालत में पेश करके वहां से उनका ट्रांजिट रिमांड हासिल कर लिया है। जिसके बाद शनिवार की देर रात को तेलंगाना पुलिस जगराओं के रहने वाले आरोपी राहुल शर्मा और सिरसा के रहने वाले दोनों आरोपी शाहिद और प्रगट को साथ लेकर तेलंगाना के लिए रवाना हो गई।

## आतिशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र, कालकाजी सीट से लड़ रहीं चुनाव

**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को लाजपत नगर में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में कालकाजी सीट से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दिल्ली में 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर बीजेपी ने चुनाव जीतने और 2013 से दबदबा बनाए रखने वाली अअढ की जगह लेने के लिए हर संभव प्रयास किया है। 2015 और 2020 में पिछले दो विधानसभा चुनावों में, अअढ ने भाजपा को क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सीमित कर दिया। आतिशी कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल नहीं कर सकीं। यह जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने दी। मुख्यमंत्री आतिशी ने गिरि नगर स्थित एक गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के साथ एक रोडशो किया और फिर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर रवाना हुईं। हालांकि, रोडशो में देरी होने के कारण वह नामांकन पत्र दाखिल किए बिना ही अपराह्न तीन बजे अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलने के लिए आयोग के दफ्तर चली गईं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र हर दिन अपराह्न तीन बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। वहीं, विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

## केजरीवाल और भाजपा ने दिल्ली को भ्रष्टाचार और अपराध के गढ़ में बदल दिया : आलोक शर्मा

नई दिल्ली जनवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के 11 वर्षों के कुशासन में दिल्ली भ्रष्टाचार और अपराध की राजधानी बन गई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का वादा करके 11 वर्षों में दिल्ली में भरपूर भ्रष्टाचार किया और दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के तहत निर्भया कांड और सीएजी रिपोर्ट को आधार बनाकर कांग्रेस पर आरोप लगाने वाले अरविन्द केजरीवाल केग की रिपोर्ट को क्यों टेबल करके सार्वजनिक नही करते, जनता पूछना चाहती है?

संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता आलोक शर्मा के अलावा कमेटी नेशनल मीडिया कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, रश्मि सिंह मिगलानी, अरुण अग्रवाल और आस्मा तसलीम शामिल थीं। आलोक शर्मा ने कहा कि दिल्ली के 65 विधायकों के अपराधिक और भ्रष्टाचार में शामिल होने की एनजीओ ने सोशल मीडिया पर रिपोर्ट उजागर की है। इनमें प्रचंड बहुमत लेने वाले केजरीवाल के 58 विधायक है और भाजपा के 7 विधायक शामिल है। जबकि केजरीवाल कहते थे कि एक भी दागी को टिकट नही दूंगा और अगर मेरे उपर भी कोई भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो मैं इस्तीफ दे दूंगा, लेकिन एक के साथ एक मुफ्त शराब की बोतल देने के भ्रष्टाचार में स्वयं 174 दिन जेल में रहे।

## दिल्ली प्रदेश का जन घोषणापत्र सभी दलों को सौंपा जाएगा : मित्तल

### शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान

- **जन घोषणापत्र आगामी दिनों में दिल्ली के सभी राजनीतिक दलों को सौंपा जाएगा**

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिल्ली प्रदेश का जन घोषणापत्र तैयार किया जा रहा है। इसमें 8,500 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी शामिल रही है। सोमवार को इसका पहला ड्राफ्ट वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर ओमकार मित्तल के संरक्षण में जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राम कुमार अत्री ने घोषणापत्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दस्तावेज शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, परिवहन और सामाजिक सुरक्षा जैसे प्राथमिक मुद्दों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगा, जो समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं का ध्यान रखेगा। दिल्ली जन आंदोलन और जैविक भारत मिशन के प्रतिनिधियों, अभिषेक और अरुण सहरावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने इसे दिल्लीवासियों के जीवनस्तर को सुधारने और एक समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में अहम कदम बताया।

यह जन घोषणापत्र आगामी दिनों में दिल्ली के सभी राजनीतिक दलों को सौंपा जाएगा, ताकि उन्हें संतुलित और दीर्घकालिक विकास के लिए मार्गदर्शन मिल सके। इसका उद्देश्य दिल्ली को भारत और विश्व स्तर पर एक आदर्श शहर के रूप में स्थापित करना है।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला: टिकटिंग सिस्टम में पारदर्शिता सुनिश्चित

नई दिल्ली जनवरी : रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक, मनोज यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का हालिया फैसला वास्तविक रेल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा करने में एक ऐतिहासिक निर्णय है। बेईमान तत्वों द्वारा टिकटिंग सिस्टम के दुरुपयोग को संबोधित करने वाला यह फैसला भारतीय रेलवे की टिकटिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आरपीएफ यह सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ है कि टिकट सभी वैध यात्रियों के लिए सुलभ हों और व्यक्तिगत लाभ के लिए सिस्टम का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करना जारी रखेगा। हम जनता से किसी भी अनियमितता की रिपोर्ट करने और रेलवे प्रणाली की सत्यनिष्ठा की रक्षा करने में हमारा साथ देने का आग्रह करते हैं। हेल्पलाइन नंबर 139 सभी शिकायतों के लिए है। वैकल्पिक रूप से, रेलमदद पोर्टल के जरिये भी अनियमितताओं की सूचना दी जा सकती है। आरपीएफ यात्रियों को रेलवे प्रणाली की सत्यनिष्ठा को बनाए रखने और सभी के लिए एक निष्पक्ष और कुशल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु अपनी निरंतर सतर्कता और समर्पण के लिए अश्वस्त करता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 9 जनवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें टिकटिंग सिस्टम के दुरुपयोग को संबोधित किया गया और वास्तविक यात्रियों के लिए रेलवे टिकटों तक उचित पहुंच सुनिश्चित की गई। रेलवे टिकटों की थोक बुकिंग को एक सामाजिक अपराध बताते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह प्रावधान रेलवे टिकटों की अनधिकृत खरीद और आपूर्ति को अपराध बनाता है, चाहे खरीद और आपूर्ति का तरीका कुछ भी हो।

## चुनावी मेनिफेस्टो में दर्ज हर वायदे को पूरा करेंगे : मनजीत सिंह



कार्यालय के बाहर प्रेस वार्ता करते मनजीत सिंह व अन्य।

### शहीद बाबा बंदा सिंह बहादर द्वार का जल्द करवाया जाएगा निर्माण : जगदेव गाबा

हरियाणा सिख पंथक दल के उम्मीदवार मनजीत सिंह के मीडिया प्रभारी जगदेव सिंह गाबा ने कहा कि आज से कुछ साल पहले निष्काम सेवा सोसायटी के सदस्य रह कर उन्होंने बराड़ा रोड पर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वार का निर्माण शुरू करवाया था। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। अब इस निर्माण को अगर भाजपा सरकार पूरा नहीं भी करती, तो मनजीत सिंह के चुनाव जीतने के बाद वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के बजट से इस निर्माण कार्य को पूरा करवाएंगे। जगदेव सिंह बाबा ने कहा सिखों की सबसे पुरानी इस मांग को जल्द ही पूरा करवा दिया जाएगा।

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद, जनवरी : हरियाणा सिख पंथक दल शाहाबाद के उम्मीदवार मनजीत सिंह ने सोमवार को शाहाबाद में विभिन्न कालोनियों में जाकर डोर टू डोर चुनावी प्रचार किया। तत्पश्चात बराड़ा रोड स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए मनजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव में हरियाणा सिख पंथक दल ने मेनिफेस्टो में जो भी वायदे संगत के साथ किए हैं, उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हर प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज महंगा होता जा रहा है, जबकि मीरी पीरी अस्पताल में चैरिटेबल रेटों पर मरीजो को इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। मनजीत सिंह ने कहा कि जब एस.जी.पी.सी. के पास गुरुद्वारों का प्रबंधन था, तब हर गुरुद्वारे में सफाई चकाचक थी, लेकिन आज हरियाणा के हर गुरुद्वारे में सफाई व्यवस्था बदहाल स्थिति में है। हरियाणा के गुरुद्वारों में एस.जी.पी.सी. जैसे प्रबंधन की जरूरत है, इसलिए संगत को चाहिए कि वह हरियाणा सिख पंथक दल के हर उम्मीदवार को जितवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि जीत उपरांत संगत की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर लोकल गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पूर्व प्रधान सुखवंत सिंह कलसानी, दलविंदर सिंह, बलिहार सिंह मामूमाजरा, हरभजन सिंह सेठी, जसपाल सिंह मैनेजर, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, जगजीत सिंह मक्कड़, हरजिंदर सिंह जिंदी, सुरजीत सिंह जुनेजा, हरविंदर सिंह बिंद्रा, पूर्ण सिंह ठेकेदार, जगीर सिंह, सुरजीत सिंह नंबरदार मोहनपुर एवं सुखबीर सिंह बिट्टा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही आप

## केजरीवाल का आरोप- कंबल, जैकेट, सोने की चेन बांट रही भाजपा

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के कुछ मिनट बाद, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि भाजपा नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए खुलेआम नकदी बांट रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें पता चला है कि उन्होंने (भाजपा) अब जनता को सोने की चेन बांटना शुरू कर दिया है। उन्होंने दो कॉलोनियों में ऐसा किया है। उनके नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे दिल्ली के लोगों के वोट खरीदेंगे। केजरीवाल ने कहा कि मैं जनता से अपील करता हूं कि वे जो कुछ भी बांट रहे हैं उसे ले लें लेकिन अपना वोट न बेचें। पैसे, जैकेट, कंबल आदि बांटने वाले किसी भी व्यक्ति को वोट न दें। एक्स पर केजरीवाल ने लिखा कि गाली गलौज पार्टी वालों के पास बहुत बहुत पैसा हो गया है। अब इन्होंने अपने नेताओं को सोने की चैन बांटने को भेजी हैं। लेकिन इनके नेता बांट नहीं रहे। जो इनके दफ़्तर में जाकर इनसे लड़ता है, उसको चुप करने के लिए उसे दे देते हैं। आपको भी चैन चाहिए तो आप भी इनके दफ़्तर जाकर ले आइए। लेकिन अपना वोट मत बेचना। आपका वोट बेशकीमती है। आप नेता ने आगे कहा कि आपका वोट आपका, आपके बच्चों का और देश का भविष्य तय करता है। जो पैसे और सोने की चैन दे रहा है, उसे किसी कीमत पर वोट मत देना। किसी को भी वोट दे देना लेकिन वोट खरीदने वाले को वोट मत देना। उन्होंने कहा कि वक्त आ गया है इन बेईमानों को ये बताने का कि दिल्ली की जनता बिकाऊ नहीं है। इस देश का लोकतंत्र बिकाऊ नहीं है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि इनके नेता खुलेआम पैसा बाँटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन आदि बाँटते हैं, फजी वोट बनवाते हैं, फिर भी एक FIR तक दर्ज नहीं होती।

## समाचार

### आज अग्रवाल धर्मशाला में श्रम विभाग द्वारा लेबर लाइसेंस संबंधी कैंप लगाया जाएगा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रयासों द्वारा श्रम विभाग (लेबर विभाग) के अधिकारियों द्वारा आज 15 जनवरी बुधवार को नगर की अग्रवाल धर्मशाला में प्रातः 11:00 बजे से व्यापारियों की सुविधा के लिए एक कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं, इस संबंध में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश सचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि व्यापारिक प्रतिष्ठान चाहे नया हो या पुराना तथा जिनके यहां एक कर्मचारी या उससे अधिक कर्मचारी काम करते हैं तो वह अपना लाइसेंस कैंप में उपस्थित होकर अवश्य बनवा लें, कैंप में जो लाइसेंस बनेंगे वह आजीवन अवधि के लिए बनाए जाएंगे व्यापारी इस कैंप का लाभ लेते हुए समय से पहुंचकर असुविधा से बचे, उन्होंने बताया कि व्यापारियों को अपने साथ जीएसटी रजिस्ट्रेशन, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं यदि पूराना रजिस्ट्रेशन हो तो भी सभी जरूरी कागजात लेकर अपना अपना लाइसेंस जरूर बनवाएं, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के द्वारा यह कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

### खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

**गोरखपुर, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में आए लाखों श्रद्धालु योगी सरकार की तरफ से किए गए अभिवादन से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खिचड़ी मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस अभूतपूर्व स्वागत से हर्षित श्रद्धालुओं ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के खूब जयकारे लगाए और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में अभूतपूर्व रहा तो उनका स्वागत भी दिल जीतने वाला रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से अपने ऊपर स्वागत के फूल गिरते देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पुष्पवर्षा के साथ पहले से गुंजित गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे की गति तेज और ध्वनि गगनभेदी हो गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल हृदय को स्पंदित करने वाली है।

### मकर संक्रांति के पावन अवसर पर थाना पैकोलिया पुलिस द्वारा गरीबों में 250 कंबल का किया गया वितरण






**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती पैकोलिया।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा थाना पैकोलिया प्रांगण में थाना क्षेत्र के गरीब असहाय आमजन व ग्राम चौकीदारों को बुलाकर मौसम के मुताबिक कंबल वितरित किया गया एवं खिचड़ी खिलाकर मकर संक्रांति त्योहार मनाया गया उक्त कार्यक्रम में संजीव दुबे सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया गया उक्त कार्यक्रम में संभ्रांत व्यक्ति पत्रकार व थाना पैकोलिया के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया द्वारा यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम के आयोजन से आमजन द्वारा पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

### शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक कराएगी नि:शुल्क यात्रा



**लखनऊ।** योगी सरकार के निर्देश पर उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम 350 शटल बसों में मुख्य स्नान पर्वों और इसके एक दिन पहले व बाद में निशुल्क यात्रा करायेगा। महाकुम्भ में यह यात्रा 18 दिन होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ-2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कुल 06 मुख्य स्नान निर्धारित हैं। क्रमशः 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इन तिथियों को पड़ने वाले मुख्य स्नान, मुख्य स्नान के एक दिन पूर्व व एक दिन बाद तक मुफ्त यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार कुल 18 दिन तक मुफ्त यात्रा का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक निःशुल्क यात्रा करायेगी। अपर प्रबंध निदेशक श्रीराम सिंह वर्मा ने पत्र जारी कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि शटल बसों में मुख्य स्नान एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात यात्रियों को जीरो मूल्य टिकट जारी किया जायेगा।

## पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हसनपुर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद ने हसनपुर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कोतवाली में स्थापित सीसीटीवी कैमरो के कंट्रोल रूम तथा सीसीटीवी कैमरो की लाइव फीड चेक की, वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को कार्यालय तथा लॉकअप में कैमरा लगवाने के लिए कहा, त्योहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, अपराध रजिस्टर भी चेक किया व लावारिस वाहनों का भी निस्तारण करने के निर्देश दिए, वहीं मैस तथा साफ सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता को भी परखा, तथा उन्होंने कोतवाली परिसर के आवासीय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा साफ सफाई एवं अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए, वहीं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने गौकशी करने वाले गौ तस्करों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी गौकशी ना हो पाए, ऐसे लोगों पर गैंगस्टर व अन्य धाराओं के तहत कार्यवाही करें, तथा ऐसे लोगों की हिस्ट्री शीट खोलें, कप्तान द्वारा किए गए निरीक्षण में मामूली कमियों को छोड़कर सब कुछ ठीक पाया गया वहीं पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों से वर्दी में रहने, कैप लगाने वह थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की तहरीर लेकर तुरंत कार्रवाई करने को कहा, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा रिश्वत आदि की सूचना मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र यादव, वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर कुमरेश त्यागी, सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी गुप्ता वह अन्य सब इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर राष्ट्र सेवी संगठन ने किया खिचड़ी का वितरण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया, इस संबंध मे उपस्थित मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री चौधरी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति त्यौहार का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। इस दिन सूर्य का परिवर्तन धनु राशि से मकर राशि में होता है। तथा सूर्य की गति दक्षिण से उत्तर की ओर हो जाती है। जिन धार्मिक कार्यों का आयोजन दक्षिणायन के चलते रुका हुआ था वो सब आज से शुरू हो जाते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भी खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। एवं कार्यक्रम में लग रहे सभी कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी वितरण का भी बहुत महत्व है। जिस प्रकार से चावल, आलू, टमाटर, दाल आदि कई वस्तुओं के परस्पर मिलने से खिचड़ी प्रसाद तैयार होता है। उसी प्रकार समाज में सभी के मिलकर समरसता पूर्वक रहने से ही भारत वर्ष एक मजबूत राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह,जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रांत सदस्य महिपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रीना धर्मपाल सिंह चौहान, मोनू अग्रवाल,अशोक कुमार शर्मा, सुखदेव शर्मा, हेमंत सारस्वत, वीरेंद्र शर्मा, कुशल पाल सिंह, मोहित अग्रवाल, कपिल शर्मा, सोनू गर्ग, योगेन्द्र कुमार, दयानंद सैनी, सुशील कुमार, हरिराज सिंह , राजपाल सिंह, नरेश कुमार , सोनू अग्रवाल, मोनू सागर, करन सिंह सभापति सहकारी संघ कुंदरखी भूड़, भाजपा नेता सुधीर चौहान, सतीश अग्रवाल, अनिल गुर्जर आदि ने भी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

## विधायक व पालिका अध्यक्ष ने विश्व हिंदू परिषद को सौंपी धर्म रक्षा निधि

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**





**हसनपुर।** मंगलवार को भी विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा धर्म रक्षा निधि एकत्र की गई, जिसमें भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने तथा पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं को धर्म रक्षा निधि सौंपी, तथा अन्य लोगों से भी धर्म रक्षा निधि में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की, वही भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल द्वारा भी विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं को धर्म रक्षा निधि सौंपी गई, बताते चलें कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम के तहत धर्म रक्षा निधि विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा एकत्र की जा रही है इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि यह धर्म रक्षा निधि विश्व हिंदू परिषद प्रति वर्ष जनवरी के महीने में धर्म रक्षा निधि का संकलन करता है जिससे पूरे भारत में वर्ष भर सेवा कार्य किए जाते हैं गत वर्ष भी विभिन्न सेवा कार्यों को इसी धर्म रक्षा निधि के बदौलत अंजाम दिया गया तथा आगे भी धर्म रक्षा निधि द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य किए जाते रहेंगे, धर्म रक्षा निधि एकत्र करने वालों में मुख्य रूप से प्रांतीय गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, बजरंग दल जिला संयोजक कुशल चौधरी, सहसंयोजक वीरेंद्र शर्मा, विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, जिला मंत्री विपिन शर्मा, योगेश चौधरी, अंकुर कुमार, विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महाकुम्भ में मकर संक्रांति पर अखाड़ों ने किया दिव्य-भव्य अमृत स्नान



**14 जनवरी-महाकुम्भनगर।** तीर्थराज, प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व, महाकुम्भ के अवसर पर मंगलवार को मकर संक्रांति का अमृत स्नान संपन्न हुआ।पौराणिक मान्यता के अनुसार महाकुम्भ में मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है। आज भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने की तिथि पर परंपरा अनुसार साधु-संन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सनातान परंपरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु,संतों का आशीर्वाद पाने के लिये कतारबद्ध हो कर खड़े थे। हाथों में माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए नागा साधुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में ही संगम में अमृत स्नान किया।

**ब्रह्ममुहूर्त में अखाड़ों के नागा संन्यासियों ने लगाई संगम में डुबकी**

सहस्त्राब्दियों से चली आ रही महाकुम्भ में अमृत स्नान की अक्षुण सनातन परंपरा को जीवंत होता देख आम जनमानस भाव विह्वल हो उठा। हिमालाय की कंदराओं, मठों, मंदिरों में रहने वाले धर्म रक्षक नागा अपना रूप श्रृंगार कर मां गंगा की गोद में अठखेलियां करने उतर पड़े। परंपरा अनुसार अद्धरात्रि की बेला से ही अखाड़ों में अमृत स्नान की तैयारियां शुरू हो गई थी। अखाड़े परंपरा और अपने क्रम के अनुसार पूरे लाव-लश्कर के साथ संगम की ओर बढ़ते जा रहे थे। अमृत स्नान की शुरूआत महानिवार्णी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। इसके बाद पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाह्न और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया। इनके बाद क्रमशः श्री पंच निमोर्ही, पंच दिगम्बर अनि और श्री पंच निवार्णी अनि के बैरागी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान में अंतिम क्रम उदासीन अखाडा और निर्मल अखाड़े के साधु-संन्यासियों के स्नान का था।

## सीएम योगी ने महायोगी गोरखनाथ को चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी





**गोरखपुर, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार भोर में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। महाकुंभ के योग में खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब नजर आया। कड़ाके की ठंड के बावजूद गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए उमड़े। हर श्रद्धालु का कहना था कि गोरखपुर में आस्था का ऐसा ज्वार पहले कभी नहीं देखा था। खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में लगे विशाल मेले का भ्रमण कर आनंद उठाया। मनोरंजन के साथ जरूरी वस्तुओं की खरीदारी की। मकर संक्रांति पर मंगलवार भोर में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में जमीन पर बैठ कर, गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिविधान से पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से श्रीनाथ जी को खिचड़ी चढ़ाई। इसके बाद उन्होंने योगिराज बाबा गंभीरनाथ, महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ और अन्य नाथ योगियों की प्रतिमाओं समक्ष शीश नवाकर खिचड़ी भोग अर्पित किया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर में उमड़े पड़े। सुख समृद्धि एवं आरोग्य की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने सीएम योगी द्वारा बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी भोग अर्पित करने के बाद कतारबद्ध होकर श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित की।

## आत्महत्या का प्रयास

**सैय्यद सिब्ते रजा लखनऊ**

**लखनऊ।** आज दिनांक 14.01.2025 को समय करीब 09.30 बजे जरिये आरटी सेट थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि प्रकृति वासवानी पुत्री अशोक वासवानी निवासिनी 122/502 ए सिंधी कॉलोनी शास्त्री नगर हंस नगर कानपुर नगर की मूल निवासी है, गांधीवार्ड जनरल मेडिसिन में पढ़ाई करती है, जो आज दिनांक 14 .01.2025 को रेजिडेंस हॉस्टल के कमरा नंबर 206 केजीएम से छत से कूद करके आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जिनका इलाज केजीएमयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है। इस सूचना पर उच्चाधिकारीगण व थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकृति वासवानी उपरोक्त को के0जी0एमयू0 में भर्ती कराया गया व फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रथमदृष्टया जानकारी हुई कि नौकरी से असंतुष्ट होकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

**पल-पल की अपडेट ले रहे मुख्यमंत्री**

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश शासन-प्रशासन व पुलिस अधिकारी मेले की व्यवस्थाओं पर रखे हैं नजर

**महाकुम्भ नगर, 14 जनवरी:** प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौष पूर्णिमा का स्नान सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ। मंगलवार को मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भी दोपहर तक पौने दो से दो करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से ही पल-पल की अपडेट भी ले रहे हैं। उनके निर्देश पर प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य आलाधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर रखे हैं। सभी अधिकारी महाकुम्भ में टीम की हौसलाअफजाई के साथ श्रद्धालुओं, संतों, कल्पवासियों से व्यवस्थाओं के बारे में निरंतर संवाद बनाए हैं। महाकुम्भ में प्रशासन व पुलिस की मुस्तैदी, सुकशल संचालन और अद्वितीय व्यवस्था की हर श्रद्धालु तारीफ कर रहे हैं।

**सब कुछ चल रहा सकुशल**

प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम की शुरूआत हो चुकी है। 13 जनवरी को 1.62 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर पूज्य संत, कल्पवासी,श्रद्धालु व देश-विदेश से आए लगभग पौने दो करोड़- दो करोड़ लोग अब तक स्नान कर चुके हैं। कंट्रोल रूम भी 24 घंटे चल रहा है। मुख्यमंत्री जी भी पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। एकता के महासंगम के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिव्य-भव्य, डिजिटल महाकुम्भ की परिकल्पना थी। प्रदेश सरकार ने पिछले कुम्भ से आगे बढ़ते हुए इसे स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ बनाने का बीड़ा उठाया था। सब कुछ सकुशल चल रहा है। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए 10 हजार एकड़ में शहर बसाया जाता है। जहां पूज्य संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के रहने, भोजन, बिजली-पानी, सफाई,सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रॉपर डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के लिए टीमें कार्य कर रही हैं। 25 सेक्टर में शहर को विभाजित करके कार्य किया गया है। पीएम मोदी की अपेक्षा थी कि इसे डिजिटल महाकुम्भ के रूप में स्थापित किया जाए। इसे देखते हुए सभी एरिया को कैमरे से स्कैन किया गया है। गूगल लोकेशन, यूपीआई समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराते हुए इसे डिजिटल स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। यह आयोजन 45 दिन तक चलेगा। 60,000 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, खोया-पाया लोकेशन आदि में एआई समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सभी के लिए यहां सुखद-सुलभ व्यवस्था की गई है।

## स्नान पर्व और अमृत स्नान के लिए फेवरिट स्पॉट बना संगम नोज



**महाकुम्भ नगर, 14 जनवरी।** महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की प्राथमिकता संगम नोज रहा, जहां पर अखाड़ों के संतों और गुरुओं ने भी स्नान किया। संगम नोज पर एक तरफ जहां अखाड़ों के संत आरक्षित स्थान पर स्नान कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं भी संगम नोज पर स्नान कर पा रहे थे। ये संभव हुआ सिंचाई विभाग की यांत्रिक शाखा यांत्रिक बैराज यांत्रिक खंड अनुरक्षण वाराणसी के भगीरथ प्रयासों से, जिसने मात्र 85 दिनों में तीन शिफ्ट में काम करके शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक 26 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार किया। इसमें 2 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार सिर्फ संगम नोज पर किया गया। इसके चलते साधु संत और श्रद्धालुओं का संगम नोज पर एक साथ अमृत स्नान संभव हो सका।

**सुगम स्नान की मिल रही सुविधा**

13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व और 14 जनवरी को पहले अमृत स्नान पर 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। सर्वाधिक लोगों ने संगम नोज पर ही स्नान को प्राथमिकता दी। देर रात से ही संगम नोज पर भीड़ जुटने लगी। अनुमान के मुताबिक यहां हर घंटे तीन लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। बैराज यंत्रिक खंड अनुरक्षण वाराणसी ने 85 दिनों तक अथक प्रयास करके संगम नोज पर 2 हेक्टेयर समेत कुल 26 हेक्टेयर क्षेत्र विस्तार किया है। इससे 1650 मी. क्षेत्र में बालू की बोरी लगाकर अस्थाई घाटों का निर्माण संभव हो सका, जिससे पूरे संगम क्षेत्र में एक साथ अधिक श्रद्धालु स्नान कर पाने में सक्षम हुए। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध) उपेन्द्र सिंह ने बताया कि अधिशासी अभियंता बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खंड वाराणसी सुजीत कुमार सिंह व टीम सूर्य भूषण, प्रदीप, अनुराग और अन्य द्वारा 4 बड़ी ड्रेजिंग मशीनों की सहायता से 85 दिनों में इस कार्य को संपन्न कराया गया।

# गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व, उत्साह एवं उमंग से मनाया जाए समारोहः एसडीएम राहुल।

## एसडीएम असंध ने गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी उपमंडल अधिकारियों की ली बैठक और दिए आवश्यक दिशा निर्देश।



**असंध, करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** एसडीएम असंध राहुल (आईएएस) ने गणतंत्र दिवस समारोह के उपमंडल स्तर पर सफल आयोजन के लिए सभी उपमंडल अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम राहुल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा एक राष्ट्रीय पर्व है। इस पर्व को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाए और सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां आरंभ करें । गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ उपमंडल स्तर पर असंध में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उन अधिकारी, कर्मचारी, मेधावी छात्रों व खिलाडि?ों तथा एनजीओ और समाज सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम सम्मानित होने के लिए भेजें जाए जिन्होंने वास्तव में अपने विभाग के माध्यम से जनता के लिए बेहतरीन कार्य किया हो। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी सिफारिश सहित इन नामों की सूची 20 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। एसडीएम राहुल ने अधिकारियों को निर्देश होते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह नई अनाज मंडी असंध में मनाया जाएगा। उन्होंने डीएसपी असंध को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के समुचित प्रबंध होने चाहिए और उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को कहा कि रिहर्सल और समारोह के दिन बिजली व्यवस्था बाधित न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए और जनरेटर की व्यवस्था करवाएं तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर की सड़कों और समार।

## गांव की नौजवान पीढ़ी रहे शारीरिक तौर पर फिट, खोली गई जिमः सुभाष कश्यप



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** ग्राम पंचायत घोघड़ीपुर द्वारा शहर की तर्ज पर कई सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। इसी कड़ी में पंचायत ने वाल्मीकि चौपाल में जिम की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम में पहुंचे मण्ड़ल अध्यक्ष सुभाष कश्यप सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सरपंच संगीता रानी ने रिबन काटकर जिम का उद्घाटन किया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने बताया कि सरपंच संगीता रानी द्वारा शहर की तर्ज पर गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे है। गांव में जिम खोलने का उद्देश्य है कि गांव के युवा शारीरिक रूप से फिट रह सके और नशे जैसी बुराइयों से बचे रहे। युवाओं को संदेश देते हुए अशोक शर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें नशा नहीं करना चाहिए, बल्कि खेलों और व्यायाम की ओर ध्यान देना चाहिए। वाल्मीकि समाज के लोगों ने सरपंच संगीता रानी व प्रतिनिधि अशोक शर्मा का धन्यवाद किया। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच संगीता रानी व प्रतिनिधि अशोक शर्मा द्वारा गांव में सराहनीय कार्य करवाए जा रहे है। इस अवसर पर पंच देविन्द्र, पंच मोहित, संदीप शर्मा, राजेंद्र चौहान, सुबा कश्यप, सुभाष, दीपक, मुन्नी, सुन्दर सिंह, रामफल सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रिबन काटकर जिम का उद्घाटन करते हुए व ग्रामीणों के साथ घरोंड़ा मण्ड़ल अध्यक्ष सुभाष कश्यप जिला परिषद से सौरभ सरपंच सगींता रानी प्रतिनिधि अशोक शर्मा।

## लक्ष्य जनहित फोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी राष्ट्रीय स्तरीय प्रोग्राम में मा सीता की जन्मस्थली मिथिला में हुए सम्मानित।




**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बक्शी एक बार फिर मां सीता की जन्मस्थली मिथिला में अपनी रक्त सेवाओं व पर्यावरण के प्रति प्यार के लिए सम्मानित हुए। दिनेश बक्शी को ये सम्मान दो दिन चली राष्ट्रीय रक्तदात्ता प्रतिनिधि सम्मेलन के दूसरे दिन एक रंगा रंग प्रोग्राम में दिया गया । इस प्रोग्राम में देश के अधिकतर जिलों से समाज में रक्त सेवा करने वाले सेवादार पहुंचे थे । इस प्रोग्राम में सभी को शपथ दिलवाई की रक्त की कमी से किसी की जान न जाए और युवाओं को कैसे इस मुहिम में जोड़ा जाए पर चर्चा हुई । इस आयोजन में लगे रक्त शिविर में दिनेश बक्शी ने 135 वो बार रक्तदान किया और प्रोग्राम में आए कई युवाओं का रक्त के प्रति नजरिए को बदलने का काम किया। इस प्रोग्राम के आयोजक समर्पण मिथिला के राष्ट्रीय प्रधान डॉक्टर मृदुल कुमार ने दिनेश बक्शी की तारीफ की और कहा कि रक्त सेवाओं के प्रति नजरिए को बदलने में आप हमारे साथ कार्य करे। दिनेश बक्शी ने कहा कि आज युवाओं का ध्यान नशे की तरफ ज्यादा हो रहा है इससे युवा अपने साथ परिवार को भी खत्म कर रहे है नशा करना है तो रक्तदान का करे आपके साथ साथ ओर लोगों की भी जिंदगी बचेगी।

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मनाया लोहड़ी का त्यौहार



- प्रदेश वासियों को दी लोहड़ी एवं मकर संक्रांत की बधाई
- कुवि की छात्राओं ने सुंदरी मुंदरी गीत गाकर किया मुख्यमंत्री का स्वागत

कुरुक्षेत्र, जनवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी है। इस प्रकार लोहड़ी जैसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। यह पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ने वाला एक प्रमुख पर्व है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित लोहड़ी एवं मकर सक्रांति पर्व पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने समस्त हरियाणावासियों को भी लोहड़ी एवं मकर संक्रांत की बधाईयां दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोहड़ी प्रज्वलित कर उसमें मूंगफली, रेवड़ी व गजक का प्रशाद अर्पित किया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पंजाबी विभाग की छात्राओं ने...... सुंदर मुंदरिए, तेरा कौन विचारा, दुल्ला भट्टी वाला, दुल्ले दी धी व्याही, सेर शक्कर पाई कुड़ी दा लाल पताका, कुड़ी दा सालू पाटा, सालू कौन समेटे गीत गाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष गिद्दा प्रस्तुत किया व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लोक पारम्परिक तरीके से उनका स्वागत किया। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सीएम के ओएसडी डॉ राज नेहरू, स्वर्ण जयंती संस्थान के महानिदेशक अंशज सिंह, सलाहकार, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. नैन, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, शाहबाद के भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. सलोनी दिवान आदि उपस्थित थे।

## युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहना चाहिएः प्रो . रंजन गुप्ता



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस और लोहड़ी पर्व के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोहड़ी को फसल कटाई और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में मनाया गया। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत करते हुए युवाओं के महत्व और उनके भविष्य निर्माण की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यदि युवा सही दिशा में अपने प्रयास करें, तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, बल्कि देश को भी सशक्त बना सकते हैं। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक मुख्य वक्ता कुलदीप ने अपने संबोधन की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के विचारों से की। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और मानव सेवा के आदर्श ही सच्चे विकास के आधार हैं। कार्यक्रम के अंत में डीन पीजीएस प्रो. धर्मपॉल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इन विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन हस्स इकाई के डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. राज कुमार, डॉ. उमा प्रजापति, डॉ. युवराज, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. पंकज, डॉ. विनोद, डॉ मनीष, डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. सुरेश अरोड़ा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

फोटो 14 केएनएल03 राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य मे

## करनाल के विकास कार्यों को लेकर विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

### मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन- तीव्र गति से आगे बढ़ेंगे करनाल में विकास कार्य



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल के विकास कार्यों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। इसके साथ-साथ उन्होंने मकर संक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक बधाई भी दी। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। जिस पर उन्होंने विश्वास दिलाया कि करनाल के विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी बल्कि ओर तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समस्त करनालवासियों को भी मकर संक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। दोनों का जब भी करनाल का दौरा होता है, करनाल को विकास परियोजनाओं की सौगात मिलती रहती है। पिछले दिनों भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपने करनाल दौरे के दौरान स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 59 करोड़ की तीन परियोजनाओं की सौगात देकर गए थे।

## समाज में सद्भाव व भाईचारा बेहद जरूरी : राव नरबीर सिंह

- यादव कल्याण सभा का वार्षिक उत्सव संपन्न
- प्रतिभा प्रोत्साहन व सम्मान समारोह रहा मुख्य आकर्षण



मेधावी विद्यार्थियों के साथ कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह।

रेवाड़ी, जनवरी : समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सद्भाव एवं भाईचारा बेहद जरूरी है। ये विचार उद्योग,वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज यहां गढ़ी बोलनी स्थित श्री कृष्ण भवन में व्यक्त किए। वे यहां यादव कल्याण सभा के 11वें वार्षिक उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मणसिंह यादव ने की। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव, भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर की पूर्व कुलपति प्रो. सुषमा यादव तथा जाने माने उद्योगपति मदन मोहन यादव (दाधिया) ने समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। सभा के प्रधान रामबीर यादव ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा यादव गौरव सम्मान प्रदान किए।

अध्यक्षीय संबोधन में रेवाड़ी विधायक श्री यादव ने सामाजिक जागरुकता का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह के अलावा सभा के विभिन्न प्रकल्पों को सराहा।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए करीब एक दर्जन महानुभावों को यादव गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया, समाजसेवी मदन मोहन यादव (दानवीरता), कृषि वैज्ञानिक डॉ धर्मबीर यादव ( कृषि शोध), डॉ.बीना यादव (महिला सशक्तिकरण), अभिनेता विजय भाटोटिया( कला एवं संस्कृति), प्रगतिशील किसान सुनील यादव (कार्बनिक खेती),समाजसेविका सुशीला यादव (समाज सेवा), अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आर्यन यादव, कनिका यादव व सतीश यादव (खेल), साप्ताहिक निशुल्क मेडिकल टीम, डॉ दीपक यादव व डॉ. कविता यादव के नाम उल्लेखनीय हैं। इनके अलावा आईएएस, असिस्टेंट प्रोफेसर, एनडीए, सीडीएस, पीएचडी, नेट, जेआरएफ, एमडी,एमएस,डीएम, आईआईएम,आईआईटी एमबीबीएस की परीक्षा क्वालीफाई करने वाले तथा 10वीं व 12वीं के प्रतिभाशाली दो सौ से ज्यादा छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से अलंकृत किया गया।

संगीत प्राध्यापिका संजीता यादव के निर्देशन में मनोहरी सांस्कृतिक प्रस्तुति से प्रारंभ हुए इस समारोह में कमांडेंट आरके यादव के संपादन में प्रकाशित सभा की स्मारिका का लोकार्पण किया गया। सभा के मुख्य संरक्षक स्वामी लालदास महाराज ने आशीर्वचन, सभा अध्यक्ष रामबीर यादव ने शाब्दिक अभिनंदन, महासचिव प्रोफेसर सतीश कुमार यादव ने वार्षिक रिपोर्ट, संरक्षक प्रोफेसर आरएस यादव ने मांगपत्र तथा जसवंत सिंह यादव ने आभार ज्ञापित किया।

समारोह सभा के आजीवन सदस्यों, दानदाताओं तथा कार्यकारिणी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर प्रदेशभर की यादव सभाओं के प्रतिनिधियों के अलावा स्थानीय संगठनों के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें कर्नल रणबीर यादव, नरेश यादव, शशि यादव, संगीता यादव, विवेक राव,अन्नू यादव, कर्नल राजेंद्र यादव, कर्नल अमन यादव, कंवर सिंह, बिमला यादव, कृष्ण मोहन,रविंद्र यादव, दिनेश यादव, अमर सिंह,लाल सिंह आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

## सरकार किसान विरोधी रवैया छोड़े, बेमौसम बारिश से हुए नुक्सान से राहत के लिए सभी किसानों को क्षतिपूर्ति में शामिल करे : सांसद हुड्डा



बैठक में अपने विचार रखते रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

रोहतक, जनवरी : जिला विकास भवन में सोमवार को सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की अध्यक्षता में रोहतक जिले की 'जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति' की बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिले के सभी विधायक व आलाधिकारी मौजूद रहे। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जिले के विकास के संबंध में अलग-अलग विषयों पर विस्तार से चर्चा की और विकास कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिये जरुरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मांग करी कि प्रदेश सरकार किसान विरोधी रवैया छोड़े और बारिश से किसानों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए उन्हें भी मुआवजा क्षतिपूर्ति में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश से पूरे जिले में फसल का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, लेकिन बैठक में ये जानकारी सामने आई कि ओलावृष्टि से प्रभावित केवल 6 गाँव के लिए आदेश आए हैं। हाल में हुई बारिश से हुए नुकसान को क्षतिपूर्ति में शामिल नहीं किया जा रहा है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जिले से संबंधित अनेक जनसमस्याओं को प्रशासन के सामने रखा और अगली दिशा मीटिंग तक इसपर जवाब मांगा।

**रोहतक लोकसभा क्षेत्र के साथ किया जा रहा पक्षपात**

उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के साथ भारी पक्षपात किया जा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मंजूरशुदा परियोजनाओं के संबंध में बरती जा रही ढिलाई को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि कई चीजों में प्रशासनिक कमी रही तो कई प्रोजेक्ट में राजनीतिक स्तर पर कमी रही। जिसके चलते पूर्ववर्ती कांग्रेस के समय के मंजूरशुदा प्रोजेक्ट पर काम ही नहीं हुआ। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि महम सेंटर की बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है लेकिन पिछले 7-8 साल से बिल्डिंग खंडहर हो रही है आज तक सेंटर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी तरह गाँव सांघी में किसान मॉडल स्कूल की भव्य बिल्डिंग बनवाई गई, लेकिन बीजेपी सरकार ने सत्ता में आते ही इस योजना को ही बंद कर दिया। इसके अलावा रोहतक आउटर बाईपास (रिंग रोड) का जींद-गोहाना सेक्शन आज तक पूरा नहीं हुआ।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरणः मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

- पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम स्थल पर सहकारिता मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा
- रोहतक पहुंचे सहकारिता मंत्री ने पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच के सदस्यों के साथ की बैठक



अनावरण स्थल पर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा।

रोहतक, जनवरी : प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह 15 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने अनावरण स्थल पर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रतिमा अनावरण समारोह भव्य होगा। प्रतिमा अनावरण समारोह में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। अनावरण समारोह को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने श्री राम शर्मा विचार मंच के सदस्यों के साथ समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। लोगों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा ने देश की आजादी के लिए लड़ाई में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वे हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

## देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी : नायब सिंह सैनी

- कहा, दिल्ली में स्पष्ट बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार

कुरुक्षेत्र, जनवरी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी है। इस प्रकार लोहड़ी जैसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। यह पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ने वाला एक प्रमुख पर्व है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं की तरफ से आयोजित लोहड़ी पर्व के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने परम्परा अनुसार युवा पीढ़ी के साथ लोहडी का पर्व मनाया। इस दौरान युवाओं ने लोहड़ी पर्व के गीत गाए और लोहड़ी का जश्न मनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रान्ति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार किसान भाईयों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। इस दिन किसान सूर्य देवता का आशीर्वाद लेते हैं ताकि नई फसल में भरपूर पैदावार मिल सके। यह पर्व हमारे देश के ग्रामीण और शहरी भारत के बीच की दूरी को भी कम करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी भूमि है जहां विविधता में एकता देखने को मिलती है। यह लोहड़ी पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ता है। आज युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मलेरिया की रोकथाम के लिए किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। इस विषय के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि नशे को लेकर सरकार की तरफ से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। यह अधिकारी प्रदेश में गलत गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखेंगे। उन्होंने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली में स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। दिल्ली के लोग भ्रष्टाचारी नेताओं की असलियत को जान चुके हैं। इस दिल्ली प्रदेश के लोग बेसब्री से मतदान का इंतजार कर रहे हैं। इस मौके पर चैयरमेन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील राणा, शाहबाद के भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुयी भाषण प्रतियोगिता

■ मऊरानीपुर



राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानन्द के विचार उनका व्यक्तित्व अथवा कृतित्व पर चार से पांच मिनट की भाषण प्रतियोगिता, पुरानीमऊ, सुखनईनदी के पास स्थित विवाहघर में किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेन्द्र राहुल, पूर्व सैनिक राकेश अग्निहोत्री, शिक्षक डॉ. गणेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया, गुब्बारे उडाये। कार्यक्रम दो चरणों में किया गया, भाषण प्रतियोगिता के लिये आयु 16 से 25 वर्ष तथा 25 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के वक्ताओं हेतु दो ग्रुप बनाए गये। उन्हें स्वतंत्र रूप से स्वामी जी के विचार, व्यक्तित्व अथवा कृतित्व पर 4 से 5 मिनट का भाषण देने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल के सदस्य लेफ्टिनेंट संतोष गुप्ता, एआरपी जगदीश मौर्य,प्रवक्ता जितेन्द्र राजपूत द्वारा उनके भाषण की विषयवस्तु, भाषा, सम्प्रेषण कौशल और हावभाव के आधार पर किया गया। ग्रुप एवबी में में साक्षी राज, जुनैद, शिवम गोस्वामी, आयुषी द्विवेदी, रागिनी राजपूत, उमेश कश्यप, प्रदीप यादव, विवेक अहिरवार, रक्षा, अंकित तिवारी टीचर आदि प्रतिभागी रहे। प्रतिभागियों ने अपने भाषण में स्वामी विवेकानंद के विचार, व्यक्तित्व और कृतित्व पर सारगर्भित बिन्दु तमाम उदाहरण व विवेचना के साथ प्रस्तुत किये।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सैयद अकरम उर्फ़ गुड्डू प्रधान ने सभी के समक्ष स्वामीजी की विचारधारा का व्यावहारिक पक्ष प्रस्तुत किया। भाजपा अध्यक्ष रोहित सोनी ने स्वामी को राष्ट्र प्रेरणा बताकर तमाम उदाहरण प्रस्तुत किये। अध्यक्षता कर रहे गणेशप्रसादसिंह ने विवेक का विकास करने हेतु विवेकानंद साहित्य पढ़ने की बात कही। जगदीश मौर्य, जितेन्द्र राजपूत एनसीसी कमांडर लेफ्टिनेंट संतोष गुप्ता, भगवताचार्य पं0 केशव द्विवेदी, भरतपाल, रामरतन राजपाल, लखन राजपूत, रविकांत आर्य, शिक्षक द्रोपतीसिंह बघेल आदि ने विचार व्यक्त किये। सूबेदार मेजर जेएन शर्मा, रमाकांत उर्फ़ रेशूशांडिल्य, राजाठाकुर, इंजी0 हेमन्त अहिरवार, रामसिंहपाल बड़ागाँव, शिक्षक कालकाप्रसाद, प्रेमचौधरी, भगवानदास, नौरे श्रीवास, राकेश श्रीवास आदि शिक्षक मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत विक्की प्रजापति, आशीष की टीम ने किया। संचालन डॉ0 एचके राजपाल ने किया।

## मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मऊरानीपुर (झांसी)।** ग्राम चुरारा थाना मऊरानीपुर निवासी बबली कुशवाहा पुत्र देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि 23 नवंबर 2024 को वह अपने पति के साथ अपनी बहन श्रीमती ऊषा पत्नी लाडले कुशवाहा ग्राम हीरापुर के घर गया था। खाने, पीने को लेकर आपस में वाद, विवाद हो गया था। जिसके चलते वह अपने घर में पति के साथ वापिस आ रही थी, उसने इसकी शिकायत सास से की। सास ने फोन करके अपनी पुत्री श्रीमती ऊषा, लाडले कुशवाहा, पवन कुशवाहा, हरिओम को बुलाया लिया, 23 नवंबर को दस बजे सभी लोगों ने मिलकर उसके व उसके पति को लात, घूसों व डंडों से मारा, पीटा, गलियां दी, जिससे उसको व उसके पति को गंभीर चोटें आयी। पुलिस ने यह मामला दर्ज कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मऊरानीपुर (झांसी)।** ग्राम कैमाई वीरा थाना मऊरानीपुर निवासी मुन्नीदेवी ने बताया कि शाम साढे छह बजे वह अपना प्रधानमंत्री आवास का कार्य कर रही थी। तभी उसका देवर आया, गाली-गलौच करने लगा। कंधे पर लाठी से वार किया, जिसके चलते उसके हाथ,कंधे में गंभीर चोटें आयी। पुत्री संध्या उसे बचाने पहुची, तो उसकी भी मारपीट की गयी। घर, गृहस्थी का सामान चुरा लिया, महिला का कहना था कि वह मेहनत,मजदूरी करके भरणपोषण करती है। पुलिस को दिये गये प्रार्थनापत्र में कार्यवाही की गुहार लगायी।

### मारपीट में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**मऊरानीपुर (झांसी)।** परवारीपुरा मऊरानीपुर निवासी गिरजादेवी पत्नी अशोक अहिरवार ने बताया कि तीन नवंबर को समय करीब साढे तीन बजे जब उसका पुत्र रवि अहिरवार घर पर था, इसी दौरान उम्मेद, सोनू, मनोज आये, गाली-गलौच करने लगे, तो उसके लडके ने मना किया,उसे लाठी,डंडों से मारा,पीटा। जिससे उसको चोटें आयी। जिसकी तहरीर पुलिस को दी गयी थी। जिस पर समझौता हुआ था, महिला का कहना था कि वह उक्त समझौते से संतुष्ट नहीं है। कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### मारपीट के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मऊरानीपुर (झांसी)।** ग्राम सेमरी कछियान थाना टोडीफतेहपुर निवासी हरिचंद्र उर्फ बबलू पुत्र हरीदयाल कुशवाहा ने बताया कि दस जनवरी की शाम पांच बजे साप्ताहिक बाजार सुजवां में रोड किनारे खडा था, इतने में ग्राम सेमरी अहिरान के छत्रपाल, नरेंद्र, इंद्रपालसिंह ने गाली-गलौच करते हुये लाठी-डंडों से मारा-पीटा, जान से मारने की धमकी दी। टोडीफतेहपुर पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# चंद्रभान अध्यापक ने चौपड़ प्रतियोगिता जीती

■ मऊरानीपुर



पटेलनगर लारौनी के तत्वावधान में आयोजित चौपड़ प्रतियोगिता का समापन रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। कड़े मुकाबले में चंद्रभान अध्यापक ने बृजेन्द्र बिड़ला को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वरिष्ठ खिलाड़ी का खिताब बहादुरसिंह परिहार प्रधान रौनी को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल राघवेन्द्र अध्यापक, संदीप सक्सेना मऊरानीपुर, गुलाबचंद्र, चंद्रभान अध्यापक बेरी के बीच हुआ। जिसमें गुलाबचंद्र ने राघवेन्द्र अध्यापक को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल बिजेंद्र बिड़ला, पुष्पेन्द्र लारौनी, गजराजसिंह, विश्वनाथ के बीच हुआ।

इस मुकाबले में बृजेन्द्र बिड़ला ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनायी।

फाइनल में बृजेन्द्र बिड़ला, चंद्रभान बेरी आमने-सामने थे। यह मुकाबला कांटे की टक्कर का रहा, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये चंद्रभान बेरी ने खिताब अपने नाम किया।

# 50 किसानों की फार्मर आईडी व 10 बुजर्गों को ई-सिम कार्ड से जोड़ा गया

■ टोड़ीफतेहपुर



नगर के मोहल्ला फतेहपुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता के आवास पर लगाये गये कैम्प में 50 के लगभग किसानों की फार्मर आईडी एवं 10 बृद्वजनों को ई सिम कार्ड (पीएम मानधन योजना) से जोड़ा गया।

संजय गुप्ता द्वारा बताया गया कि 60 वर्ष वाले बृद्वजनों को प्रधानमंत्री मानधन योजना से जोड़ने पर उन्हें मासिक 3 हजार रुपये एवं 2 लाख 50 हजार रुपये बीमा का लाभ मिलेगा। किसानों को फार्मर आईडी बनवाने पर सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ सीधा किसानों को मिल सकेगा। किसानों को दफ्तरों के चक्कर नही लगाना पड़ेंगे। सत्यम अग्रवाल, अंशू सोनी द्वारा किसान फार्मर आईडी बनाई गई। इस अवसर पर कृष्णमुरारी गुप्ता, खेमचंद्र आर्य, हरिमोहन पाण्डेय, रामबाबू आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू ने तहसील में कृषि विपणन राष्ट्रीय नीति की जलायी प्रतियां



**कोंच।** संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर देश भर में तहसील मुख्यालयों पर कृषि विपणन राष्ट्रीय नीति की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराने को लेकर भारतीय किसान यूनियन ईकाई कोंच के पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रतियां जलायी और इस राष्ट्रीय नीति के विरोध में जमकर नारेबाजी की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिमिरिया और तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह ने कहा कि कृषि विपणन राष्ट्रीय नीति को लागू कर इसका जो ढांचा तैयार किया गया है उसमें बहुत खामियां हैं और यह हित में नहीं है। संगठन सहित संयुक्त किसान मोर्चा इस राष्ट्रीय नीति का लगातार विरोध करता रहेगा। इस दौरान तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, श्यामसुंदर, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, रामसिंह, प्रदीप तिवारी, कौशल किशोर, रामकुमार, रामलला, अनिरुद्ध, राकेश कुंवरपुरा आदि मौजूद रहे।

## सरकारी हैंडपंप से पानी भर रही महिला को धमकाया

**कोंच।** सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर महिला ने धमकाने की बात करते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुरा निवासिनी अंजली पत्नी देवाराम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गाँव में पवन अहिरवार के घर के बाहर सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। रविवार की देर शाम वह पानी भरने पहुंची तो देखा कि हैंडपंप की चेन उतरी हुई थी। उसने जब इस बारे में पवन से पूंछा तो उसने गाली गलौज कर उसके साथ धक्का-मुक्की की और पानी का बर्तन हांथ से छुड़ाकर फेंक दिया। घटना की सूचना उसने डायल 112 पुलिस को भी दी, मौके पर पुलिस आयी लेकिन पवन पुलिस को नहीं मिल सका। मामले को लेकर अंजली ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## एस पी ने घाटों का निरीक्षण कर मकर संक्रांति की व्यवस्था परखी

■ कालपी-उरई



महाकुंभ-2025 प्रयागराज तथा मकर संक्रांति के पर तीर्थ यात्रियों तथा भक्तों की भारी भीड़भाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में नगर के अलग-अलग स्थानो में निरीक्षण कर के चैकिंग अभियान चलाकर सतर्कता बरती जा रही है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, एसडीएम सुशील कुमार सिंह सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने पुलिस जवानों के साथ यमुना नदी के किनारे बिहारी घाट,ढोडेश्वर घाट,बाईघाट आदि स्थानों में निरीक्षण कर के चैकिंग अभियान चलाया गया। विदित हो कि कालपी में मकर संक्रांति के पर्व पर यमुना स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना में डुबकी लगाने आते हैं, इसी को मद्देनजर रखकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाल नागेंद्र पाठक, के द्वारा घाटों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने जिम्मेदारों को शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिये जरुरी निर्देश दिये।

# विकास और निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करें- जिलाधिकारी

■ उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को विकास और निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन, स्टांप, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, विद्युत विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली होने पर स्पष्टीकरण मांगा गया और वसूली में प्रगति लाने की सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया। वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए गए, स्टांप क्रापवंचन में प्रभावी कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को सतर्क किया गया। खनन और परिवहन विभाग को अवैध खनन और अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने टास्क फोर्स टीम को नियमित जांच करने और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और धर-पकड़ अभियान चला कर लुकेशन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया कि वे कार्ययोजना बनाकर आय में वृद्धि करें और सुनिश्चित करें कि किसी प्रकार का क्रापवंचन न हो।

## उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को लविंत राजस्व वादों के निस्तारण में लाये तेजी- जिलाधिकारी

**उरई।** जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को लविंत राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने न्यायिक कार्यों में लापरवाही पर माधौगढ़ पेशकार निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, आदि सहित समस्त उप जिलाधकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

■ कालपी-उरई

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर दर्ज आपराधिक मुकदमे के प्रकरण में कालपी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफतार कर के सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया है।

विदित हो कि परिवादिनी सिमरन पुत्र गजेन्द्र निवासी मोहल्ला दमदमा काली हवेली के पास थाना कालपी जनपद जालौन व अन्य गवाहों के विरुद्ध थाना कालपी में मुकदमा अपराध संख्या 238/2024 धारा 193/195/198/205/211/468/469/471/120 बी आई पी सी के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, उपनिरीक्षक रमाकांत, दीवान मुईद अहमद, आशीष कुमार सिंह की टीम ने दिनांक 25.11.2024 को मुकदमे के आरोपी गवाह विजय कुमार पुत्र हरनारायण निवासी मुहल्ला रावगंज थाना कालपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था ।तथा पुलिस ने दिनांक 12.01.2025 को परिवाद से संबंन्धित गवाह तथा मुकदमा उपरोक्त से संबंन्धित आरोपी कपिल सिंह चौहान पुत्र किशोर सिंह चौहान निवासी तुलसीनगर थाना कोतवाली उरई उम्र करीब 37 वर्ष को उसरगांव के पास से गिरफ्तार किया गया। तथा देर रात्रि उपरोक्त मुकदमा से संबंन्धित कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा धोखाधडी से संबंन्धित प्रकाश में आये आरोपी विशाल विश्वकर्मा पुत्र सुनील विश्वकर्मा निवासी मुहल्ला कागजीपुरा कस्वा व थाना कालपी हाल निवासी चार खम्भे के पास मोहल्ला पटेल नगर थाना कोतवाली उरई उम्र करीब 35 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुकदमा से संम्बंधित अन्य आरोपी गवाह की तलाश पुलिस द्वारा गहनता से की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य आरोपी जल्द ही जेल के सीखचों में होगें।

## रुपयों के लेन-देन को लेकर दो युवकों में मारपीट

**जालौन-उरई।** रुपयों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी आमिर व समीर के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद था। सोमवार की सुबह दोनों के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर कहासुनी होने लगी। इसी बीच दोनों के बीच गाल, गलौज व हाथापाई भी हो गई। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# 2050 तक डूब जाएगा आस्ट्रेलिया का पड़ोसी तुवालु देश

एजेंसी, कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्व में स्थित तुवालु द्वीप वैश्विक तापमान वृद्धि की वजह से समुद्र में डूब रहा है। तुवालु द्वीप प्रशांत महासागर में स्थित यह देश कुछ सालों में दुनिया के नक्शे से गायब हो जाएगा। नासा के मुताबिक, 2050 तक तुवालु के मुख्य एटॉल, फ़ुनाफ़ुटी का आधा हिस्सा डूब जाएगा। इसकी जनसंख्या का क्रमशः विस्थापन किया जा रहा है। यह देश चार द्वीप और और पांच एटाल से मिलकर बना है। 12,373 लोगों की जनसंख्या के साथ यह दुनिया का तीसरा कम जनसंख्या वाला संप्रभु देश है, इससे कम आबादी वाले देशों में केवल वेटिकन और नारु ही हैं। 9 छोटे-छोटे रिंग शेप द्वीपों (एटॉल) में बसे तुवालु देश की औसत ऊंचाई समुद्र तल से सिर्फ 2 मीटर है. पिछले तीन दशकों में तुवालु में समुद्र का स्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया है, जो वैश्विक औसत का डेढ़ गुना है।







### सबसे कम आबादी वाला देश

तुवालु द्वीप, वेटिकन सिटी के बाद दुनिया का सबसे कम आबादी वाला देश है. यहां बमुश्किल 11 हजार लोग रहते हैं. जिन्हें अपनी और आने वाली नस्लों की जान बचाने के लिए यहां से विस्थापित होना पड़ेगा. यही उनके पास एकमात्र विकल्प है।

### पानी से घिरा पर पाने को पानी नहीं

तुवालु में खारे पानी ने भूजल को दूषित कर दिया है, जिससे मीठे पानी की कमी हो गई है। यहां सब्जियां और खाद्य पदार्थ उगाने के लिए बारिश के पानी को टैंकों में इकट्ठा करके रखा जाता है। यहां खासा जलसंकट है। यहां के लोग बच्चे पैदा करने से डरते हैं ना जाने उनका भविष्य क्या होगा?

### इस साल से विस्थापन शुरु

साल 2023 में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 में एक समझौता हुआ। इसके तहत 2025 से हर साल 280 लोगों को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से विस्थापित किया जाएगा ताकि इसके डूबने से पहले सारे लोग सुरक्षित आशियानों में पहुंच जाएं।

## राहुल गांधी की गलत एंट्री से कांग्रेस में बवाल

राहुल संविधान, आरक्षण, जाति जनगणना, अंबानी, अडाणी, मोदी पर ही अटके रहे।



इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



दो राहुल गांधी की दिल्ली के चुनाव में एंट्री हो गई है। सीलमपुर में अपनी पहली रैली में केजरीवाल के खिलाफ राहुल गांधी ने मोर्चा खोला, लेकिन वह केजरीवाल से ज्यादा भाजपा पर हमलावर थे। वही लोकसभा वाले भाषण का टेप बजा दिया। संविधान, आरक्षण, जाति जनगणना, अंबानी, अडाणी, मोदी पर ही अटके रहे। उनके मुंह से न एक बार शीशमहल निकला, न एक बार शराब घोटाला निकला। लगता है वियतनाम का नशा उतरा नहीं, पूरी तरह कन्फ्यूज हैं कि चुनाव लोकसभा के हो रहे हैं या विधानसभा के। वह भाजपा को हराना चाहते हैं या केजरीवाल को। भाजपा तो पहले ही हारी हुई है। भाजपा से लड़कर वह क्या हासिल करेंगे। केजरीवाल से भाजपा लड़ रही है। कैग रिपोर्टों को लेकर वह उच्च न्यायालय पहुंच गई और उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की खाट खड़ी कर दी। शीशमहल और शराब घोटाले पर जो कैग रिपोर्ट लीक हुई है, केजरीवाल उसे फर्जी कह रहे हैं। अगर वे फर्जी हैं तो तुरंत विधानसभा का सत्र बुलाएं और असली कैग रिपोर्ट सदन में रख दें। दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। भाजपा इसी लिए उच्च न्यायालय गई है। प्रशासन ने कोर्ट में कह दिया है कि चुनाव सिर पर हैं, अभी विधानसभा सत्र बुलाने का कोई फायदा नहीं तो यह आतिशी मार्लेना ने ही कहलवाया होगा। क्योंकि, विधानसभा सत्र बुलाना स्पीकर का काम है, प्रशासन का नहीं। और प्रशासन ने जो बड़ी बात कही, वह यह है कि कैग रिपोर्ट्स स्पीकर को सौंप दी हैं। आपको पता है कि हार के डर से स्पीकर चुनाव नहीं लड़ रहे, लेकिन स्पीकर अभी भी केजरीवाल के चमचे बने हुए हैं। नहीं तो वह सत्र बुला लेते। राहुल गांधी तब केजरीवाल से लड़ते दिखते, जब वह कैग रिपोर्ट्स को मुद्दा बनाते। राहुल गांधी की समस्या ही यह है कि वह तीर निशाने पर नहीं लगाते। कांग्रेस ने जब तय कर लिया था कि चिड़िया की आंख केजरीवाल है तो रैली सीलमपुर में क्यों रखी गई। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को समझा समझा कर थक गए, पर राहुल गांधी के पल्ले नहीं पड़ा। वह एक कदम आगे जाते हैं तो दो कदम पीछे चले जाते हैं। वह केजरीवाल से लड़ते दिखना नहीं चाहते। अगर, वह केजरीवाल से लड़ते दिखना चाहते तो अपनी पहली रैली नई दिल्ली सीट पर संदीप दीक्षित के पक्ष में करते, जहां केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन, उन्होंने पहली रैली का स्थान चुना सीलमपुर। जहां आम आदमी पार्टी से आए विधायक अब्दुल रहमान कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। जबकि, कांग्रेस के हैवी वेट मतीन खान आम आदमी पार्टी में चले गए हैं। वह सीलमपुर से पांच बार विधायक रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने उनके बेटे जुबेर अहमद को टिकट दिया है। सीलमपुर दिल्ली में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला विधानसभा क्षेत्र है। सीलमपुर में रैली करके राहुल गांधी ने बता दिया कि उसका इरादा केजरीवाल को हराना नहीं है, उसका इरादा भाजपा को हराना भी नहीं है। उसका तो लिमिटेड उदेश्य मुस्लिम वोट बैंक को वापस लाना है, जो पिछले तीन चुनावों में केजरीवाल कांग्रेस से छीनकर ले गए। अगर राहुल गांधी मुस्लिम बहुल सात-आठ सीटों पर ही अटके रहेंगे तो केजरीवाल को नहीं हरा सकते। राहुल गांधी वही लोकसभा चुनाव वाली संविधान की रट लगाए रहे। भाजपा के खिलाफ बोलने का मकसद भी सिर्फ मुसलमानों और दलितों को डराना है। जिस अंबेडकर को कांग्रेस ने निकाल बाहर किया था, अब कांग्रेस दिन-रात अंबेडकर को सिर पर उठाए घूमती है, क्योंकि दलित जागृत हो गया है और कांग्रेस से खिसक चुका है। कांग्रेस ने रैली का नाम जय बापू, जय भीम, जय संविधान दिया, क्योंकि कांग्रेस का लक्ष्य सिर्फ मुस्लिम और दलित हैं, इसलिए यह नारा दिया गया है। लेकिन, दिल्ली के चुनावों का फैसला इस बार पूर्वांचली वोटर करेगा, जो कम से कम 20 सीटों का फैसला तो करता ही है। बाकी सीटों पर भी प्रभाव डालता है। मोटे तौर पर झुग्गी झोपड़ी के वोटर, इनमें ज्यादातर पूर्वांचली है, उनमें कुछ दलित समुदाय के वोटर भी हैं। इन सब पर इस बार भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया है। पिछले छह महीनों से भाजपा के 600 विस्तारक इन झुग्गी झोपड़ियों में काम कर रहे हैं। झुग्गी झोपड़ियों में महिलाओं की कीर्तन मंडलियां भी बनाई गई हैं। शनिवार को अमित शाह ने झोपड़ियों के प्रधानों और कीर्तन मंडलियों को संबोधित किया तो केजरीवाल की नींद उड़ गई। वह भागे भागे तुगलकाबाद पहुंचे और अपने 250-300 समर्थकों को संबोधित करते हुए ऐलान कर दिया कि भाजपा तोड़ी गई झुग्गियों को दुबारा बना दे तो वह चुनाव मैदान से हट जाएंगे। भाजपा ने केजरीवाल को चारों तरफ से घेर लिया, इसलिए केजरीवाल मारे-मारे फिर रहे हैं। चारों तरफ से घिर चुके केजरीवाल अब चुनाव मैदान से हटने या दो सीटों से चुनाव लड़ने का मन भी बना रहे हैं। अगर केजरीवाल चुनाव मैदान से भागे तो सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को भी मैदान से हटाया जाएगा। ताकि, अपनी ध्वस्त हो गई छवि को सुधारने के लिए कह सकें कि जब तक ट्रायल का फैसला नहीं हो जाता, तब तक वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन, इतने ही साफ सुथरे होते तो चुनावों में ट्रायल रुकवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय नहीं जाते। सरकार का इरादा तो चुनाव के दौरान ट्रायल का था, ताकि दिल्ली की जनता सबूत देखती, लेकिन केजरीवाल ने कैग रिपोर्ट भी दबा दी और ट्रायल भी रुकवा लिया और राहुल गांधी पर दबाव भी बनाए हुए हैं।

## सार समाचार

### यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 15 की मौत



**यमन।** मध्य यमन में एक गैस स्टेशन पर विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 67 अन्य लोग घायल हुए, जिनमें 40 की हालत गंभीर है। मंत्रालय ने कहा कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि विस्फोट किस कारण से हुआ। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में भीषण आग दिखाई दे रही थी। बता दें कि बायदा पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है।

### मस्क ने चांस्लर शोल्ज को हराने की अपील की



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने जर्मनी के लोगों से चांस्लर ओलाफ शोल्ज को हराने की अपील की है। मस्क का यह बयान जर्मनी में सत्तारूढ़ दल सोशल डेमोक्रेट्स की तरफ से शनिवार को को संघीय चुनाव में शोल्ज को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद आया है। जर्मनी में 23 दिसंबर को संघीय चुनाव होंगे। मस्क ने सोशल मीडिया पर यह बयान दो रिपोर्टों के जवाब में दिया। इनमें एक रिपोर्ट शोल्ज को फिर से प्रत्याशी बनाए जाने से संबंधित था।

### जांच करने वाले अभियोजक जैक स्मिथ का इस्तीफा



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने न्याय विभाग से इस्तीफा दे दिया। स्मिथ का यह कदम अनापेक्षित नहीं है, क्योंकि इस बात पर कानूनी विवाद चल रहा है कि दस्तावेज का कितना हिस्सा सार्वजनिक किया जा सकता है। विभाग ने शनिवार को अदालत में दाखिल एक जवाब में स्मिथ के जाने का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

### महिलाओं को इंसान मानता ही नहीं है तालिबान

**इस्लामाबाद।** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने रविवार को अफगानिस्तान के तालिबान शासन की आलोचना की। मलाला ने कहा कि तालिबान ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को संस्कृति व धर्म की आड़ में छिपाकर उनके खिलाफ लैंगिक रंगभेद की व्यवस्था स्थापित की है। इस्लामाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मलाला ने कहा, सरल शब्दों में कहें तो तालिबान महिलाओं को इंसान नहीं मानता। वे अपने अपराधों को सांस्कृतिक व धार्मिक औचित्य की आड़ में छिपाते हैं।

बंधकों की रिहाई को लेकर जल्द समझौते की उम्मीद

# इजराइल-हमास के बीच थम सकती है जंग

■ तीन अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संघर्ष विराम समझौते में प्रगति हुई है

एजेंसी, काहिरा

अमेरिका और अरब के मध्यस्थों ने इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम कराने और गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए कई लोगों की रिहाई की दिशा में रातों रात महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, लेकिन अभी तक कोई समझौता नहीं हो सका है। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। तीन अधिकारियों ने संघर्ष विराम वार्ता में प्रगति को स्वीकार करते हुए कहा कि आने वाले दिन 15 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिहाज से अहम होंगे, जिसने पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रखा है। अधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है क्योंकि वो इस वार्ता पर चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं थे। इन तीन अधिकारियों के अलावा हमास के भी एक अधिकारी ने कहा कि अभी कई बाधाएं दूर होनी बाकी हैं। पिछले साल कई मौकों पर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि वो एक समझौते पर पहुंचने की कगार पर थे, लेकिन बातचीत ठप हो गई।

### रातों-रात समझौते में दिखी प्रगति



बातचीत से परिचित एक शख्स ने कहा कि रातों-रात एक सफलता मिली है और प्रस्तावित सौदे पर बात बन सकती है। इस्राइल और हमास के वार्ताकार अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए अपने नेताओं के पास वापस ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि खाड़ी देश कतर के मध्यस्थों ने हमास पर समझौते को स्वीकार करने के लिए नए सिरे से दबाव डाला है, जबकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ इस्राइलियों पर दबाव डाल रहे हैं। विटकॉफ हाल ही में वार्ता में शामिल हुए और हाल के दिनों में इस क्षेत्र में रहे हैं।

### अपने-अपने नेताओं के पास भेजेंगे

वार्ता से अवगत एक शख्स ने कहा कि रातों रात सफलता मिली और समझौते का एक प्रस्तावित मसौदा पेश किया गया है। शख्स ने कहा कि इजरायल और हमास के वार्ताकार अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए अपने-अपने नेताओं के पास भेजेंगे। संबंधित व्यक्ति ने यह भी कहा कि खाड़ी देश कतर के मध्यस्थों ने हमास पर समझौते को स्वीकार करने के लिए नए सिरे से दबाव बनाया है, जबकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ इजरायलियों पर दबाव डाल रहे हैं।

### लग सकता है समय

विटकॉफ हाल ही में वार्ता में शामिल हुए और हाल के दिनों में इस क्षेत्र में ही रहे हैं। वार्ता से अवगत इस व्यक्ति ने कहा कि मध्यस्थों ने प्रत्येक पक्ष को समझौते का मसौदा सौंप दिया है और अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण होंगे। मिस्र के एक अधिकारी ने कहा कि रातों रात अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन इसमें कुछ और दिन लगने की संभावना है। इस अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्षों का लक्ष्य ट्रंप के 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले एक समझौते पर पहुंचना है।

### रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी

हमास ने सात अक्तूबर 2023 को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। उस समय हमास ने इस्राइल में हमला कर करीब 1,200 लोगों को मार डाला और 250 लोगों को अगवा कर लिया था। अब भी करीब 100 बंधक गाजा में हैं, जिनमें से इस्राइल का मानना है कि एक तिहाई बंधक हमले में मारे गए थे या कैद में मारे गए।

विद्रोहियों को बना रहे थे निशाना

# नाइजीरियाई सेना के हवाई हमलों में गलती से कई नागरिकों की मौत

अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कितने नागरिक मारे गए हैं

एजेंसी, नाइजीरिया

नाइजीरिया के उत्तरी-पश्चिम इलाके में सेना के हवाई हमले में कई नागरिकों की मौत हो गई। सेना संघर्षरत इलाकों में हथियारबंद समूहों को निशाना बनाने का प्रयास कर रही थी। ये नागरिक स्थानीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर काम कर रहे थे। नागरिकों पर यह हमला गलती से हुआ। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। पिछले एक साल में सेना का यह तीसरा हवाई हमला है, जिसमें नागरिकों की जान गई। नाइजीरिया सेना जमफारा राज्य के जुरमी और मराजुन इलाकों में विद्रोही समूह को निशाना बना रही थी। राज्य के गवर्नर के प्रवक्ता सुलैमान बाला इदरीस ने रविवार को बताया कि हवाई हमले में कुछ नागरिकों की भी मौत हो गई। ये लोग 'नागरिक संयुक्त कार्यबल' और 'स्थानीय सतर्कता बल' के सदस्य थे। इदरीस ने बताया कि ये लोग इलाके से भाग रहे थे। इसलिए इन्हें गलती से डाकू समझ लिया था। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कितने नागरिक मारे गए हैं।



### 400 नागरिकों की मौत हो चुकी है

लागोस स्थित अनुसंधान संस्था 'एसबीएम इंटेलिजेंस' की रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजीरियाई सेना अक्सर विद्रोहियों से निपटने के लिए हवाई हमले करती है। लेकिन इन हमलों में 2017 से अब तक 400 नागरिकों की मौत हो चुकी है। दिसंबर 2023 में नाइजीरियाई सेना ने कादुना राज्य में एक धार्मिक आयोजन के दौरान हवाई हमला किया था। जिसमें 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मई 2024 में नाइजीरियाई सेना कहा था कि दो सैनिकों को कोर्ट मार्शल का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, इस मामले में जांच के परिणाम कभी सार्वजनिक नहीं किए गए। मानवाधिकार संगठनों ने पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए नाइजीरियाई सेना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह के मामलों में स्पष्टता और जवाबदेही की आवश्यकता है। नाइजीरियाई वायु सेना ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। स्थानीय निवासी सलिसु मराजुन ने बताया कि उन्होंने 20 शवों को गिना। 10 अन्य लोग घायल हुए और उनका उपचार चल रहा है।

50 अरब रुपये के गबन

# अल कादिर मामले में तीसरी बार टला फैसला

■ जज नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को ही इस मामले पर सुनवाई पूरी कर ली थी

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक अदालत ने अल कादिर ट्रस्ट में हुए कथित भ्रष्टाचार मामले में तीसरी बार फैसला टाल दिया है। करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के इस कथित भ्रष्टाचार मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी आरोपी हैं। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार रोधी अदालत अब 17 जनवरी को इस मामले में अपना फैसला सुना सकती है। अदालत के जज नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को ही इस मामले पर सुनवाई पूरी कर ली थी। जज ने सुनवाई पूरी करने के बाद 23 दिसंबर को फैसले की तारीख तय की थी। हालांकि बाद में उन्होंने फैसला 6 जनवरी तक टाल दिया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, जज नासिर



जावेद राणा के 6 जनवरी को छुट्टी पर होने की वजह से फैसला 13 जनवरी तक स्थगित कर दिया गया था। जज ने आरोपी के कोर्ट में मौजूद नहीं होने की वजह से सोमवार को फैसला नहीं सुनाया। अब एक बार फिर जज ने अल कादिर ट्रस्ट मामले पर अपना फैसला 17 जनवरी तक टाल दिया है। अल कादिर ट्रस्ट मामले में फैसला ऐसे समय स्थगित हुआ है, जब सरकार और इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई के बीच बातचीत जारी है। देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। इमरान खान और उनकी पार्टी के कई नेता जेलों में बंद हैं। अब तक पाकिस्तानी सरकार और पीटीआई के बीच दो राउंड की बातचीत हो चुकी है और तीसरे राउंड की बातचीत इस हफ्ते ही होने की उम्मीद है।

खास | संयुक्त राष्ट्र ने इसे मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए मूलभूत खतरा करार दिया



# अचानक खतरनाक रूप से जहरीली हो गई बांग्लादेश की हवा, दवा भी बेअसर

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश की हवा अचानक खतरनाक रूप से जहरीली हो गई है। ढाका के अस्पतालों में हवा में मौजूद दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया (ड्रग-रेजिस्टेंट बैक्टीरिया) गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये बैक्टीरिया मरीजों और अस्पताल के स्टाफ के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। फरवरी से जून 2023 के बीच एक स्टडी के जरिए ढाका के चार प्रमुख अस्पतालों की हवा की जांच की गई। इन अस्पतालों में ढाका मेडिकल कॉलेज, बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी, ख्वाजा बदरुदुजा मॉडर्न अस्पताल और मोन्नो मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

### खतरनाक बैक्टीरिया शामिल हैं

अस्पतालों की हवा में 11 प्रकार के बैक्टीरिया पाए गए। इनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस, ई. कोलाई और स्यूडोमोनास एरुजिनोसा जैसे खतरनाक बैक्टीरिया शामिल हैं। ये बैक्टीरिया निमोनिया, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन और रक्त संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियां पैदा कर सकते हैं। स्टडी में पता चला कि अस्पतालों में PM2.5 और PM10 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कई गुना अधिक है। ढाका मेडिकल कॉलेज में PM2.5 का स्तर 220.60 g/m तक पहुंच गया। ये सूक्ष्म कण फेफड़ों और खून में पहुंचकर शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध अब पूरी दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ₹मूलभूत खतरा₹ करार दिया है। हर साल के कारण करीब 8 लाख मौतें होती हैं।

### क्या है कारण?

- अस्पतालों में भीड़भाड़ और खराब वेंटिलेशन।
- पुराने फर्नीचर और इमारतें।
- एंटीबायोटिक्स के अनियंत्रित इस्तेमाल ने बैक्टीरिया को प्रतिरोधी बना दिया है।

### क्या है समाधान?

- संक्रमण रोकने के लिए सख्त नियम लागू करना जरूरी है।
- एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल पर सख्त निगरानी रखनी होगी।
- पर्यावरण में एएमआरकी निगरानी के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी।

एशिया पर मंडराने लगे युद्ध के बादल

# चीन और अमेरिका में छिड़ सकती है जंग

जैमर्स का मकसद चीन के सैटेलाइट से आने वाली जानकारी को नष्ट करना है

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच राजनीतिक, सैन्य, और आर्थिक मोर्चों पर लगातार बढ़ते तनाव के बाद अब अंतरिक्ष में भी दोनों के बीच खींचतान जारी है. अब अमेरिकी स्पेस फोर्स के जरिए एक नया कदम उठाया है, जिसके तहत भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के सैटलाइट के संचार को बाधित करने के लिए जैमर्स तैनात किए जाएंगे। इस कदम के जरिए अमेरिका चीन के बढ़ते सैटेलाइट नेटवर्क, खासकर उसके याओगन सीरीज सैटेलाइट को निशाना बनाएगा, जो कथित तौर पर लगातार अमेरिका और उसके सहयोगियों की सैन्य गतिविधियों पर निगरानी रख रहे हैं. इन जैमर्स का मकसद चीन के सैटलाइट से आने वाली जानकारी को नष्ट करना है, जिससे चीन की निगरानी क्षमता में कमी आएगी।



### चीन के सैटेलाइट नेटवर्क पर सीधा हमला

चीन के याओगन सीरीज सैटेलाइट, जो कि काफी सटीकता के साथ छोटे से छोटे टारगेट, जैसे कि कारों को भी ट्रैक कर सकते हैं. इस सैटेलाइट ने अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए एक नई सुरक्षा चुनौती खड़ी कर दी है. यह सैटेलाइट भारत-प्रशांत क्षेत्र में लगातार निगरानी करते हैं. अमेरिका इस वजह ही अपनी सैन्य गतिविधियों के लिए खतरनाक मानता है।

### इलेक्ट्रॉनिक जंग की आशंका

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, अंतरिक्ष सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका यह जैमर्स तैनात करता है तो चीन जैमर्स को विकसित करेगा, जिससे एक इलेक्ट्रॉनिक जंग की स्थिति पैदा हो सकती है. जैसे कि रूस ने यूक्रेन जंग में स्टारलिंक सैटेलाइटों को जैम करने की कोशिश की थी. वैसे ही चीन भी अमेरिका के जैमर्स को निशाना बनाने के लिए एंटी-रडार मिसाइलें और ड्रोन तैनात कर सकता है।

संपादकीय

# वायुसेना प्रमुख की चिंता

**चीन और भारत के रक्षा बजट में जमीन आसमान का फर्क है। भले ही पाकिस्तान को भारत का दुश्मन माना जाता रहा है, लेकिन असली चुनौती चीन से है।**

**वायुसेना** प्रमुख ने इस बात पर चिंता जताई है कि 2010 में 40 तेजस विमान का ऑर्डर दिया गया था। वायुसेना को सभी 40 विमान अब तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रहीं हैं। वायुसेना के एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने देश में फाइटर जेट की कमी पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, चीन छठी पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट तैयार कर रहा है। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर उसकी फोटो भी वायरल हुई थी। हमें अपने उत्तरी और पश्चिमी पड़ोसियों से चिंता है इसलिए हमें दूसरे रिसोर्सेज के बारे में सोचना चाहिए। वायुसेना प्रमुख की चिंता जायज है। 15 सालों के तकनीक बदल चुकी है। अब तेजस विमान हमारे किस काम रह जाएंगे। क्या यह हैरत की बात नहीं है कि 2010 में दिया गया ऑर्डर अब तक पूरा नहीं हो पाया है? आखिर क्या वजह रही कि तेजस विमान अभी तक नहीं मिल पाए हैं? वायुसेना प्रमुख की चिंता ऐसे समय में सामने आई है, जब चीन लगातार आधुनिक विमानों को निर्माण कर रहा है। जाहिर है, चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा है। भारत अब भी तेजस पर अटका पड़ा है और इसका पांचवीं पीढ़ी के विमान वाला एएमसीए प्रोग्राम अब भी कागजों पर ही है। चीन का हाई-स्पीड जे-20 जो लंबी दूरी के हमलों के लिए डिजाइन किया है, पुरानी पीढ़ी का तेजस कैसे मुकाबला कर पाएगा? दावे कितने भी किए जाएं, लेकिन यह मानने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि सैन्य शक्ति के मामले में भारत बहुत पीछे है। चीन का रक्षा बजट जहां 471 अरब डॉलर है, वहीं भारत का रक्षा बजट मात्र 75 अरब डॉलर है। ऐसे में भारत कैसे चीन का मुकाबला किया जा सकता है। क्या भारत को भी अपना रक्षा बजट नहीं बढ़ाना चाहिए? चीन और भारत के रक्षा बजट में जमीन आसमान का फर्क है। भले ही पाकिस्तान को भारत का दुश्मन माना जाता रहा है, लेकिन असली चुनौती चीन से है। भारत के पास ले देकर राफेल विमान हैं। भारत ने फ्रांस से 36 राफेल विमान खरीदे हैं, जो भारत आ चुके हैं। इन विमानों को भारत की जरूरत के हिसाब से मॉडिफाई किया गया है। ये विमान 4.5 पीढ़ी के माने जाते हैं। यह ठीक है कि हम दूसरे देशों से हथियार खरीदते हैं, जिनमें लड़ाकू विमान भी शामिल हैं, लेकिन कब तक दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे। क्या हमें अपने विमान नहीं बनाने चाहिए? इसके लिए आर एंड डी के लिए पैसा चाहिए, लेकिन जब रक्षा बजट नहीं बढ़ाया जाएगा तो हथियारों के मामले में हम कैसे आत्मनिर्भर होंगे?

पाठकवाणी

## कार्य बनाम समय

आधुनिक समय में काम और जीवन के संतुलन को लेकर चल रही चचाओं के बीच, आनंद महिंद्रा का वक्तव्य विशेष रूप से प्रासंगिक है। उन्होंने एस. एन. सुब्रह्मण्यन और नारायण मूर्ति जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा काम के घंटों को बढ़ाने के सुझावों का सम्मानपूर्वक विरोध करते हुए कहा कि यह बहस गलत दिशा में जा रही है। उनका मानना है कि काम की गुणवत्ता अधिक महत्वपूर्ण है, न कि घंटों की संख्या। उनके अनुसार, 48, 70, या 90 घंटे काम करने की तुलना में, यदि 10 घंटे में प्रभावी और परिणामदायक कार्य किया जाए, तो भी दुनिया बदली जा सकती है। उनका यह दृष्टिकोण केवल उत्पादकता बढ़ाने का नहीं, बल्कि काम को सार्थक और परिणामोन्मुख बनाने का संदेश देता है। महिंद्रा का यह विचार युवाओं को 'स्मार्ट वर्क' के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करता है और संगठनों को गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति अपनाने का आह्वान करता है। उनका दृष्टिकोण कार्य और जीवन के संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य सुधारने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह स्पष्ट करता है कि सफलता के लिए मेहनत से अधिक बुद्धिमत्ता और प्रभावशीलता की आवश्यकता है। काम के घंटे मायने नहीं रखते, काम की गुणवत्ता जरूरी है।

**-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

कुछ खास



सरकार चाहे आम आदमी पार्टी की हो या केंद्र में मोदी सरकार की। दोनों को ही दिल्ली के लिए काम करना चाहिए था। लेकिन अफसोस यह है कि जब यह सवाल पूछा जाएगा कि दिल्ली को बर्बाद किसने किया तो इन दोनों सरकारों का नाम शीर्ष पर रहेगा।

**-आलोक शर्मा**, कांग्रेस प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''हर चुनाव के पहले खूब गारंटी बांटी जाती है और चुनाव के बाद गारंटी खत्म, ज़िक्र तक नहीं होता.. पिछले कई चुनावों में ये लगातार देखा गया है।''

**-राजीव निगम**

# डूबता रुपया, गिरता सेंसेक्स

सामयिक



**शाहीन सबा**

**सिर्फ रुपया, सेंसेक्स, भारतीय पासपोर्ट और भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ही गिरता तो कोई बात थी। देश में आये दिन सरकारी ठेके पर बन रह पुल, फ्लाईओवर और अब रेलवे स्टेशन के भवन भी भरभराकर गिर रहे हैं। क्या देश को मोदी राज के 11 वर्ष बाद भी एक पूर्णकालिक वित्त मंत्री की मांग नहीं करनी चाहिए?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल बाद एक बार फिर से अपनी रि-ब्रांडिंग की तैयारी में जुटे हुए हैं। पिछले दिनों उन्होंने जेरोधा ब्रोकिंग फर्म के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ 2 घंटे से भी ज्यादा लंबा इंटरव्यू दिया है। निखिल कामथ को भारत का जार्ज सोरोस माना जाता है, जबकि भाजपा का आईटी सेल जार्ज सोरोस जैसे लोगों को आजकल षड्यंत्रकारी के तौर पर मानने लगे हैं। 2014 में कांग्रेस की बुरी गत के पीछे डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपया भी एक बड़ी वजह थी। ऐसे योग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री की रुपया आज डॉलर के मुकाबले 86.19 रुपये तक लुढ़क चुका है। आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रुपये की यह गिरावट अभी थमने वाली नहीं है, और यह 90 यहां तक कि 100 रुपये तक जा सकता है। 2014 में जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार थी, उस समय डॉलर के मुकाबले रुपये का विनिमय मूल्य 62.33 रुपये था। नरेंद्र मोदी के पक्ष में दावा किया जा रहा था कि यदि भाजपा की केंद्र में सरकार बनती है तो रुपये की प्रतिष्ठा को वापस लाया जाएगा, और 40 रुपये में 1 डॉलर का विनिमय मूल्य स्थापित कर दिया जायेगा।

आज 11 वर्ष बाद स्थिति यह है कि जिस रुपये को आरबीआई ने अरबों डॉलर बाजार में डालकर पिछले 2 वर्षों से 81-82 के बीच में रोका हुआ था, वह अब फ्री फॉल की स्थिति में आ चुका है। हर रोज 10-20 पैसे की गिरावट का दौर जारी है, जिसके रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। आजकल सोशल मीडिया में तबके गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का भाषण जमकर शेयर किया जा रहा है, जिसमें उनका कहना था, जिस प्रकार से डॉलर मजबूत होता जा रहा है, रुपया कमजोर होता जा रहा है। विश्व व्यापार में भारत टिक नहीं पाएगा। हमारे व्यापारी जो माल बाहर भेजते हैं, और लाते हैं। इस बोझ को सह नहीं पाएंगे। भारत सरकार जो चीजें बाहर से लाती है और भेजती है, उसको सहना मुश्किल हो जाएगा, और दिल्ली की सरकार जवाब नहीं दे रही है।



नरेंद्र मोदी को केंद्र में पीएम के तौर पर स्थापित करने के लिए सिर्फ मुंबई और गुजरात की कॉरपोरेट लॉबी ही एकजुट नहीं हुई थी, बल्कि देश के तमाम गॉडमैन भी रिंग में कूद पड़े थे। इसमें सबसे ज्यादा चर्चित नाम थे बाबा रामदेव और श्री श्री रविशंकर। 21 मार्च 2014 को गुरु श्री श्री रवि रविशंकर ने ट्विटर पर यह दावा कर पूरे देश में सनसनी मचा दी थी कि 'यह जानकर सुखद अहसास हो रहा है कि मोदी के सत्ता में आने पर रुपया 40 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हो जाएगा।' इन तथाकथित गॉडमैन को आजकल शायद ही कभी राजनीतिक बयानबाजी करते देखा जा सकता है। बाबा रामदेव अब लाला रामदेव हो चुके हैं, जिनकी कंपनियां अब मुंबई के दलाल पथ पर ट्रेड करती पाई जाती हैं। श्री श्री ने भी मोदी के राज के शुरूआती वर्षों में भारतीय मध्य वर्ग के बीच में शोहरत बटोरी और कुछ उत्पाद लांच किए। आज इन दोनों को भारतीय रुपये की गिरती लाज से कोई सरोकार क्यों नहीं है? उनकी भविष्यवाणी यदि इतनी बेहूदा थी तो क्यों नहीं उन्हें अपने धार्मिक गुरु होने पर शर्म महसूस नहीं हो रही है? उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि करोड़ों धार्मिक लोगों ने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया था।

रुपये की गिरती साख को रोकने के लिए 2024 में आरबीआई ने तमाम कोशिशें कीं। इसके लिए आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार से बड़ी संख्या में डॉलर को बाजार में डालना शुरू कर दिया था। इसके परिणामस्वरूप कुछ महीनों तक तो डॉलर के मुकाबले रुपये को 83 के मनोवैज्ञानिक स्तर तक पहुंचने से रोकने में बैंक सफल रहा। लेकिन इसका असर अब विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड गिरावट के रूप में देखने को मिल रहा है। आरबीआई के 3 जनवरी के आंकड़े बताते हैं कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 634.59 बिलियन डॉलर के साथ 10 माह के निचले स्तर पर आ चुका है। विदेशी निवेशक भी इस प्रवृति से चिंतित थे कि रुपये को स्थिर बनाने की कोशिश में भारतीय मुद्रा के वास्तविक मूल्य को छिपाने की कोशिश हो रही है। नतीजतन पिछले कुछ माह से विदेशी निवेश रिकॉर्ड स्तर पर देश से बाहर जा रहा है। नोमुरा की रिपोर्ट बताती है कि भारत के केंद्रीय बैंक ने अक्टूबर 2024 से विदेशी मुद्रा हस्तक्षेप के प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिले हैं। कमजोर विकास, बैंकिंग सिस्टम में तरलता का अभाव, पूंजी निकास और संभवतः आयातकों के द्वारा डॉलर की जमाखोरी स्थिति को गंभीर बना रही है।

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। 13 दिसंबर 2024 को बीएसई सेंसेक्स 82,133 तक पहुंच चुका था, वह 10 जनवरी 2025 में 77,379 पर बंद होकर देश के करोड़ों छोटे निवेशकों को बड़ी तेजी से तबाह करता जा रहा है। पिछले 2-3 वर्षों के दौरान दसियों करोड़ नए डीमेट एकाउंट्स खुले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे पिछड़े राज्यों से नये निवेशक उभरे थे। इन नए निवेशकों को बाजार में तेजी से मुनाफा कमाने का लालच दिया गया, जिन्होंने इंट्रा डे ट्रेडिंग, सिप और म्यूच्यूअल फंड्स में हर महीने निवेश कर विदेशी संस्थागत निवेशकों के देश से पूंजी निकासी से होने वाली मंदी को अभी तक रोककर रखा हुआ था। इसी अंधड़ में अमेरिकी अदालत में अडानी समूह के खिलाफ मामले के फलस्वरूप जो भारी गिरावट आ रही थी, उसे भी काफी हद तक रोकने में सफलता मिली। लेकिन अब जबकि सारे उपाय विफल साबित हो रहे हैं, तो ऐसा लगता है कि बाजार में अपनी गाढ़ी कमाई या कर्ज लेकर भारी मुनाफा कमाने की आस में करोड़ों नए निवेशक उतरे थे, उन्हें ही इसका बोझ सहना होगा।

लेकिन सिर्फ रुपया, सेंसेक्स, भारतीय पासपोर्ट और भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ही गिरता तो कोई बात थी। देश में आये दिन सरकारी ठेके पर बन रह पुल, फ्लाईओवर और अब रेलवे स्टेशन के भवन भी भरभराकर गिर रहे हैं। आज शनिवार को उत्तर प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने की खबर है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अभी तक कम से कम 23 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन अभी भी करीब 25 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

उधर छत्तीसगढ़ के रायपुर से भी एक बहुमंजिला निर्माणाधीन इमारत का कुछ हिस्सा ढह गया है। जबकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भारतीय अर्थव्यवस्था को गिरने से रोकने के बजाय भारतीय महिलाओं के वेस्टर्न फेमिनिज्म के प्रभाव में आने से चिंतित नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि भारतीय महिलाओं को पश्चिमी देशों के विचारों को पूरी तरह से अपनाने के बजाय दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसे प्रतीकों को अंगीकार करना चाहिए। क्या देश को मोदी राज के 11 वर्ष बाद भी एक पूर्णकालिक वित्त मंत्री की मांग नहीं करनी चाहिए?

# दुनियाँ के स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज तैयार

## जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ को हैरान करने वाली गाथा - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ ने टेका माथा

**सोनमर्ग टनल व दुनियाँ के सबसे बड़े रेल ब्रिज चिनाब से जम्मू कश्मीर में कनेक्टिविटी, सामाजिक आर्थिक,वाणिज्यिक विकास होगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर पृथ्वी लोक का स्वर्ग कहे जाने वाला जम्मू कश्मीर भारत का एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हर कोई जाना चाहता है। मेरी भी अभिलाषा है कि मैं एक बार पृथ्वी के इस स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की वादियों में जाऊं परंतु कनेक्टिविटी जलवायु परिवर्तन, मौसम की मार व सबसे बड़ा डर आतंकवाद का था जिसको कंट्रोल करने 5 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया व भारत की आन बान शान कहे जाने वाले कश्मीर के विकास के लिए नए अध्याय जोड़ने का क्रम शुरू हो गया है, जिसका नतीजा यह हुआ कि आज सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज सबके सामने है।हालांकि इन दोनों सबसे बड़ी परियोजनाओं को 10-20 वर्ष पहले से ही शुरू कर दिया गया था परंतु वर्तमान मैं यह दोनों सेवाएं नागरिकों की सेवार्थ तैयार हैं जिनमें से सोनमर्गटनल का शिलान्यास माननीय पीएम ने 13 जनवरी 2025 को किया है, अब शीघ्र ही चिनाब रेल ब्रिज पर भी यात्रियों को लेकर ट्रेन दौड़ने लगेगी, जो शायद इस जनवरी 2025 की एंडिंग तक होने की संभावना है। चूँकि जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ की हैरान करने वाली गाथा, सोनमर्ग टनल व चिनाब रेलवे ब्रिज की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ में टेका माथा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का स्वर्ग कहीं जाने वालेभारत के जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार, सोनमर्ग टनल व चुनाव रेल ब्रिज तैयार। साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2025 को सोनमर्ग टनल की स्थिति की करें तो, नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस टनल को इंजीनियरिंग का चमत्कार और क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताया है। साथ ही कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति देगी।जेड मार्ड टनल के साथ जोजिला टनल का काम 2028 तक पूरा होगा। यह क्षेत्रीय रक्षा रसद और यातायात को सुगम बनाएगी, इससे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच जुड़ाव और विकास को नई दिशा मिलेगी। टनल के लाभ (1) सोनमर्ग टनल गगनगीर से सोनमर्ग तक निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी (2) राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर यात्रा की दूरी 49 किमी से घटकर 43 किमी हो जाएगी। (3) वाहनों की गति 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। (4) यह टनल क्षेत्र के पर्यटन और व्यापार में तेजी लाने में सहायक होगी टनल का रणनीतिक महत्व (5) सोनमर्ग और गगनगीर को जोड़ने वाली यह टनल 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें आपातकालीन स्थिति के लिए 7.5 मीटर चौड़ा समानांतर मार्ग है। ये टनल लद्दाख को पूरे साल सड़क मार्ग से जोड़ने के साथ-साथ देश की रक्षा जरूरतों और क्षेत्रीय विकास में अहम भूमिका निभाएगी। साथियों बात अगर हम दिनांक 13 जनवरी 2025 को माननीय पीएम द्वारा इस अवसर पर किए गए 27 मिनट के संबोधन को पांच पॉइंट्स में देखें तो (1) सोनमर्ग टनल से लोगों की जिंदगी आसान होगी पीएम ने 27 मिनट के भाषण में कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। इससे सोनमर्ग के साथ करगिल और लेह के लोगों की जिंदगी भी बहुत आसान होगी। अब बर्फबारी के दौरान एवलांच से या बरसात में होने वाली लैंड स्लाइड के कारण रास्ते बंद होने की परेशानी कम होगी। (2) टनल बनाने वाले श्रमिक न डिगे, न घर लौटे पीएम मोदी ने कहा- देश की उन्नति के लिए, जम्मू-कश्मीर की उन्नति के लिए जिन श्रमिक भाइयों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया, जीवन को संकट में डालकर काम किया, अपनी जान गंवाई, लेकिन संकल्प से डिगे नहीं। श्रमिक साथी डिगे नहीं, किसी ने घर वापस जाने की बात नहीं की। उन्होंने हर चुनौती को पार करते हुए इस काम को पूरा किया है। जिन 7 साथियों को हमने खोया है, मैं आज सबसे पहले उनका स्मरण करता हूं। (3) सोनमर्ग में टूरिस्ट को पंख लगने वाले हैं, आज भारत तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को डेवलप नेशन बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई हिस्सा कोई भी परिवार तरक्की से डेवलपमेंट से पीछे न छूटे। इसके लिए ही हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से काम कर रही है। इस टनल से सोनमर्ग समेत पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नए पंख लगने वाले हैं।(4) लाल चौक पर लोग अब आइसक्रीम खाते हैं पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर धरती का स्वर्ग होने की पहचान वापस पा रहा है। आज लोग रात के समय लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं। चिनाब ब्रिज की इंजीनियरिंग देखकर दुनिया हैरत में है। यहां कुछ दिन पहले पैसेंजर ट्रेन का ट्रायल हुआ। यहां के प्रोजेक्ट्स 42 हजार करोड़ से ज्यादा के हैं। इन पर काम चल रहा है। (5) जम्मू- कश्मीर में गर्मजोशी ऐसी, ठंडक नहीं लगती पीएम नेकहा - ये मौसम, बर्फ, बर्फ की चादर से ढंकी पहाड़ियां देखकर दिल प्रसन्न हो जाता है। यहां आता हूं तो बरसों पहले के दिन याद आने लग जाते हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा।पीएम




ने जेडमोड़ टनलका जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए।पीएम ने जेड मोड़ टनल का जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन का पीएम ने इनॉगरेशन किया। श्रीनगर- लेह हाइवे एनएच -1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन का पीएम नेइनॉगरेशन किया। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी।उमर अब्दुल्ला बोले- मोदी जी जम्मू-कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिलवाएंगे इनॉगरेशन कार्यक्रम में शामिल जम्मू-कश्मीर के सीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए और सबसे बड़ी बात ये रही कि कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं आई, सत्ता के दुरुपयोग की कोई शिकायत नहीं आई। इसका श्रेय आपको (पीएम को ),आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द आप (पीएम) राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 2028 में सोनमर्ग टनल विश्व की सबसे बड़ी टनल होने की करें तो, 2028 में यह एशिया की सबसे लंबी टनल होगीजेड मोड़ टनल के आगे बन रही जोजिला टनल का काम 2028 में पूरा होगा। इसके तैयार होनेके बादही बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी।दोनों टनल के शुरू होने के बाद इसकी कुल लंबाई 12 केएम हो जाएगी। इसमें 2.15 किमी की सर्विस/लिंक रोड भी जुड़ जाएगी। इसके बाद यह एशिया का सबसे लंबी टनल बन जाएगी।फिलहाल हिमाचल प्रदेश में बनी अटल टनल एशिया की सबसे लंबी टनल है।इसकी लंबाई 9.2 किलोमीटर है। यह मनाली को लाहौल स्पीति से जोड़ती है।चीन से लगी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल तक सेना के लिए रसद और हथियार पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बर्फबारी के समय आर्मी पूरी तरह से एयरफोर्स पर निर्भर हो जाती है।दोनों टनल प्रोजेक्ट के पूरे होने से आर्मी कम खर्च में अपना सामान एलएसी तक पहुंचा सकेगी। साथ ही चीन बॉर्डर से पाकिस्तान बॉर्डर तक बटालियन मूव करने में भी आसानी होगी।पिछले साल मजदूरों पर आतंकी हमला भी हुआ था 20 अक्टूबर 2024 को आतंकियों ने टनल के कर्मचरियों पर हमला किया था। दो आतंकी गगनगीर में मजदूरों के कैंप में घुस गए और फायरिंग की थी। इस हमले में टनल का निर्माण कर रही इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के 6 मजदूरों सहित 7 लोग मारे गए थे। हमले में एक स्थानीय डॉक्टर की भी मौत हो गई थी। साथियों बात अगर हम जम्मू कश्मीर में दुनियाँ के सबसे बड़े सबसे ऊंचे पुल चिनाब रेल ब्रिज की करें तो जम्मू- कश्मीर में बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब रेल ब्रिज पर जल्द ही अब ट्रेन दौड़ती नजर आएगी। बता दें कि इस ब्रिज का निर्माण उधमपुर- श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत किया गया है, अब उत्तर रेलवे दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल पर ट्रेन सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है।असली इंजीनियरिंग चमत्कार के रूप में वर्णित इस पुल के पार्श्व और मध्य भाग में 48 केबल हैं। इसके खंभे पर काम 2017 में शुरू हुआ था और यह संरचना अपनी नींव के स्तर से 191 मीटर ऊपर है।यह कौरी में चेनाब नदी पर बने प्रतिष्ठित आर्च ब्रिज के बाद दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे पुल है, जो नदी तल से 359 मीटर ऊपर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है तथा पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। देश की सबसे महत्वपूर्ण रेल प्रोजेक्ट उधमपुर -श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक को लेकर काम जारी है। विश्?व का सबसे ऊंचा रेल ब्रिजकश्?मीर में बन चुका है। अब जल्?द ही इस पर ट्रेनों का संचालन भी शुरू हो जाएगा।

साथियों बात अगर हम पड़ोसी व विस्तारवादी देश के लिए यह चिंता का विषय होने की करें तो, चिनाब ब्रिज से पाकिस्तान और चीन की चिंता क्यों बढ़ी है? डिफेंस एक्सपर्ट के मुताबिक चिनाब ब्रिज कश्मीर के अखनूर इलाके में बना है। जैसे नॉर्थ ईस्ट में सिलीगुड़ी कॉरिडोर को चिकन नेक कहा जाता है, जहां अगर चीन का कब्जा हो जाए तो देश दो हिस्सों में टूट सकता है। इसी तरह अखनूर इलाका कश्मीर का चिकन नेक है। इसीलिए इस इलाके में चिनाब ब्रिज का बनना भारत के लिए सामरिक तौर पर बेहद खास है। अब हर मौसम में सेना और आम लोग इस हिस्से में ट्रेन या दूसरे वाहनों से जा सकेंगे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियाँ के स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज तैयार,जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ को हैरान करने वाली गाथा - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ ने टेका माथा। सोनमर्ग टनल व दुनियाँ के सबसे बड़े रेल ब्रिज चिनाब से जम्मू कश्मीर में कनेक्टिविटी, सामाजिक, आर्थिक, वाणिज्यिक विकास होगा।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# अपना तो रख ले पहले पराया चख ले



केदार लाल शर्मा

अपने में क्या रखा है। आकर्षण तो पराए में है। दूर के रिश्तों के माफिक दूर का पहाड़ कितना सुंदर और सुहावना लगता है! क्या सघन हरियाली है! पैरों के नीचे आया पहाड़ कितना खुरदरा लगता है। बचपन में मां-बाप की रोक-टोक की तरह नुकीले पत्थर चुभते हैं। इसी तरह भले ही अपनी मुर्गी दाल बराबर हो, परंतु इंतजार तो बुफे की उस फ्राई की हुई पराई दाल का ही रहता है। अंग्रेजों ने भारत में पैर जमाने के बाद यही तो किया। उन्होंने कहा-भइयो! ये अपनी संस्कृत और संस्कृति को एक तरफ रखो और हमारी केटरिंग, वल्चर-कल्चर रेसीपी, एटीकेट्स, ड्रेसिंग कोड और हमारी प्यारी-सी लेंग्वेज इंगलिस को टेस्ट करो। समय का दौर ऐसा आया कि अपना जो रखा गया था-चाहे वह भाषा हो या रीति-रिवाज, रखे रह गये और जो पराए था वह सिर चढ़कर बोलने लगे। विक्रम संवत रखा रह गया ओर ग्रेगोरी कैलेंडर चल निकला।

कुछ लोगों का तो धंधा ही यही है कि अपना तो रखो, पहले पराया चखो। उनकी नजर राम राम जपना और पराए माल अपना करने पर रहती है। अब यह माल साइबर ठगी के माध्याम से आए या चौरी-डकैती के माध्यम से, झपट्टा मारकर आए या साइबर अरेस्ट करके। लोग इस धंधे के लिए, सुबह नहा-धोकर निकलते हैं कि कैसे पराया माल अपना करना है और थके-हारे शाम को आते हैं। कुछ बारहमासी वर्क फ्रोम होम करते हैं, जाल फेंकते हैं और साइबर के पूल में मछलियां फंसाते हैं, तब जाकर पराया माल अपना होता है।

एक बार एक साहब जो इस तरह की सोच वाले लोगों में से एक थे। उनके घर के पिछवाड़े में पड़ी खाली जगह में मूलियां उगी हुई थीं। पर मजाल क्या है कि साहब पास-पड़ोस वालों को या स्टॉफ वालों को खिला दें। स्टॉफ वाले कह-कह करके थक गए कि साहब अब तो खिला दीजिए आपके घर की मूलियां। पर साहब कुछ न कुछ बहाना बना लेते। हां, जब एक दिन लंच में स्टॉफ वालों ने अपने स्तर पर मूलियां मंगा लीं तो साहब जायका ले-लेकर, नमक लगा-लगाकर खाने में पीछे नहीं रहे। साहब के लिए स्टॉफ वालों की मूलियां चखने और खाने का तो आनन्द कुछ और ही था। इधर साहब मूलियों की प्रशंसा करते नहीं अघा रहे थे, उधर ऑफिस का स्टॉफ उनकी हर प्रशंसा पर दबे मुंह चुपके-चुपके मुस्करा रहा था। आखिर लंच के मंच पर बैठे साहब को डकारें आने लगीं।

शाम को साहब सीधे घर जाकर घरवाली से बोले-भाग्यवान! पराया तो लंच में चख लिया अब क्यों नहीं घर के पिछवाड़े में उगी मूलियां उखाड़कर आज मूली के परांठे बनाए जाएं। घरवाली चौंकी-यह क्या कह रहे हो आप? मूलियां तो आपके ऑफिस का चपरासी आज दिन में उखाड़ ले गया। कह रहा था-साहब ने लंच में स्टॉफ के लिए मंगाया है। साहब को अब सारा माजरा समझ में आ गया कि लंच में वे अपनी रख न सके, पराई चख न सके।



# कोहली-रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल

### खुद से बुमराह की तुलना पर कहा- हम दोनों अलग-अलग दौर के गेंदबाज

● नई दिल्ली, वार्ता

**पूर्व** भारतीय कप्तान कपिल देव ने कहा है कि विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए। कपिल से रोहित-कोहली के भविष्य पर सवाल किया गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

कोहली 9 पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके। वे बार-बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े और खराब रहे। वे 3 मैचों की 5 पारियों में महज 31 रन ही बना सके। रोहित को खराब फॉर्म के कारण खुद को सिडनी टेस्ट से ड्रॉप करना पड़ा था। इसके बावजूद भारत को 5 मैच की सीरीज 1-3 से गंवानी पड़ी। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून महीने में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में सुपटस्टार कल्चर को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है। कप्तान के दावेदारों पर कपिल ने कहा कि इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जो मौजूदा कप्तान (रोहित शर्मा) हैं, वे भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिए। वहीं बुमराह से तुलना पर बोले कि खेल में तुलना करना ठीक नहीं। कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा।



उन्होंने ने कहा कि खेल में तुलना करना ठीक नहीं है। दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है, लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था। कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी, लेकिन बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गए। वे लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर सके और 32 विकेट झटके। टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को शामिल नहीं करने पर कपिल ने कहा कि मैं दूसरों के फैसले के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं। सिलेक्टर्स ने कुछ सोच समझ कर टीम का चयन किया है। मैं कुछ कहूंगा तो शायद उनकी आलोचना करना होगा। मैं आलोचना नहीं करना चाहता हूं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान

### ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदसयीय टीम की घोषणा की

### मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में किया शामिल नाथन एलिस को भी मौका

● सिडनी, वार्ता

**दो** बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय की टीम की घोषणा कर दी है।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने 2023 का एकदिवसीय विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीन बदलाव करते हुए इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन किया है। मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है तथा तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने भी टीम में जगह बनाई है। हालांकि अभी चोटिल पैट कमिंस के टखने का स्कैन होना है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पैतृक अवकाश पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया कि चोटिल खिलाड़ियों कमिंस और हेजलवुड के स्कैन के परिणामों का इंतजार हैं। अगर आवश्यकता हुई तो वे नियमों के अनुसार अगले चार सप्ताह के भीतर टीम में बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों के चैंपियंस ट्रॉफी तक उनके फिट होने की पूरी संभावना है। बेली ने कहा कि यह एक बेहद संतुलित टीम है, जिनके मुख्य खिलाड़ी पिछले



एकदिवसीय विश्व कप में खेल चुके है। इसके अलावा इस टीम में कई विविधताएं और विकल्प हैं, जिनका परिस्थितियों और विपक्षी टीम के अनुसार इस्तेमाल किया जा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार हैः- पैट कमिंस (कप्तान), ऐलेक्स कैरी, नेथन एलिस, ऐरन हार्डी, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा।

## सार संक्षेप

### जोश और उत्साह के बीच हुआ खो-खो विश्वकप का उद्घाटन



**नई दिल्ली** : रंग बिरंगी रोशनी, जोश, उत्साह पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और बैंड बाजे की राष्ट्रीय धुन के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मशाल जलाकर सोमवार को पहले विश्व कप का उद्घाटन किया। यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को खो खो टूर्नामेंट की मशाल सौंपी। उपराष्ट्रपति ने प्रज्ज्वलित कर विश्व कप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और इंटरनेशनल ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद पी टी उषा, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, ग्रेट खली एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पारंपरिक संगीत के साथ माटी के स्वदेशी खेल में हिस्सा लेने आये देशी-विदेशी खिलाड़ियों का उत्साहवर्ध किया। भारत की मेजबानी में हो रहे पहले खो-खो विश्व कप में पुरुषों और महिला वर्ग में नेपाल, पेरू, ब्राजील, भूटान, दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड, ईरान, बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, पौलेंड, इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, केन्या, युगांडा और इंडोनेशिया से टीमें हिस्सा ले रही हैं। टीमों को चार-चार ग्रुपों में बांटा गया है हर ग्रुप में पांच टीमें है। समारोह को जगदीप धनखड़, मनसुख मांडविया और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने भी संबोधित किया।

### बिहार की अंशिका सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल

**पटना** : बिहार की बेटी अंशिका कुमारी का इस वर्ष होने वाले तीरंदाजी विश्व कप के लिए सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन हुआ है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने सोमवार को यहां बताया कि अंशिका कुमारी का तीरंदाजी विश्व कप, 2025 के लिए सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि बिहार की बेटी अंशिका देश की प्रतिष्ठित तीरंदाजी खिलाडियों दीपिका, अंकिता और सिमरनजोत के साथ भारतीय टीम का गौरव बढ़ा रही हैं। शंकरण ने कहा कि अंशिका कुमारी का राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम में चयन बिहार के अन्य खिलाड़ियों को बहुत प्रेरित और प्रोत्साहित करने वाला है।

## पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया

**मुंबई, वार्ता** : आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने अय्यर को कप्तान बनाए जाने की घोषणा की। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने श्रेयस को 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब (जेद्दा) में आयोजित मेगा ऑक्शन में 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। 30 साल के अय्यर ने पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में खिताब जिताया था। वे दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी भी कर चुके हैं। श्रेयस टीम की कमान संभालने के लिए जल्द ही हेड कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे। आईपीएल का नया सीजन 21 मार्च से शुरू होगा। इस सीजन का ओपनिंग मैच कोलकाता में खेला जाएगा। वहीं, 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर अपना विश्वास जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम मजबूत दिख रही है, जिसमें क्षमतावान और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। मुझे उम्मीद है कि मैनेजमेंट द्वारा दिखाए गए विश्वास को हम अपना पहला खिताब दिलाकर चुका पाएंगे।



## युवराज सिंह के पिता ने किया बड़ा खुलासा


**नई दिल्ली, वार्ता** : युवराज के पिता योगराज सिंह ने कपिल देव से संबंध को लेकर एक इंटरव्यू में खुलासा कि वह एक बार उन्हें गोली मारने के लिए पिस्टल लेकर उनके घर चले गए थे। योगराज ने एक इंटरव्यू में युवराज को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि यदि उनका बेटा 2011 के वर्ल्ड कप के दौरान मर भी जाता तो उन्हें उस पर गर्व होता। युवराज ने 2011 के वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। उस दौरान वह कैंसर से जूझ रहे थे। जिसका पता उन्हें वर्ल्ड कप के बाद लगा। योगराज सिंह यू-ट्यूबर समदीश को दिए इंटरव्यू में एक घटना का खुलासा करते हुए कहा कि कपिल देव नॉर्थ जोन और हरियाणा के कप्तान बने, तो उन्होंने बिना बताए मुझे टीम से हटा दिया था। मेरी पत्नी चाहती थी कि मैं टीम से हटाए जाने को लेकर कपिल से सवाल पूछूं। मैं बहुत गुस्से में था। मैंने अपनी पिस्तौल निकाली और चंडीगढ़ में सेक्टर 9 स्थित कपिल के घर पहुंच गया। वह अपनी मां के साथ घर से बाहर निकले। मैंने उन्हें गालियां दी। मैंने उससे कहा कि तुम्हारी वजह से मैंने एक दोस्त खो दिया है और तुमने जो किया, उसकी कीमत तुम्हें चुकानी पड़ेगी। मैं तुम्हारे सिर में गोली मारना चाहता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं।



# अभिषेक शर्मा का दावा, दिल्ली एयरपोर्ट पर मेरे साथ हुई बदसुलूकी

● नई दिल्ली, वार्ता

**टीम** इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर बदसुलूकी हुई है। इसकी जानकारी खुद अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करके दी है। उन्होंने बताया कि इंडिगो स्टाफ के खराब बिहेवियर के कारण उनकी फ्लाइट मिस हो गई। वह छुट्टियां मानाने जा रहे थे। हालांकि, इस मामले में इंडिगो की ओर से कोई बयान नहीं आया है। अभिषेक को इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू हो रही टी-20 सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में चुना गया है। 24 साल के अभिषेक ने सोमवार को लिखा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ मेरा सबसे खराब अनुभव रहा। स्टॉफ, खासकर काउंटर मैनेजर सुष्मिता मित्तल का व्यवहार बेहद खराब था। मैं सही काउंटर पर समय पर पहुंचा, लेकिन उन्होंने मुझे अनावश्यक रूप से दूसरे काउंटर पर भेज दिया। बाद में मुझे बताया गया कि चेक-इन बंद हो गया



### कहा-स्टाफ ने एक से दूसरे काउंटर पर घुमाया, टाइम पर पहुंचने के बावजूद फ्लाइट छूटी

है, जिससे मेरी फ्लाइट छूट गई। मेरे पास केवल एक दिन की छुट्टी थी। जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इसे और भी बदतर बनाने के लिए वे आगे कोई मददगार सहायता नहीं दे रहे हैं। यह अब तक का सबसे खराब एयरलाइन अनुभव है और सबसे खराब स्टॉफ प्रबंधन है, जो मैंने कभी नहीं देखा है। अभिषेक विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के कप्तान थे। 2 दिन पहले 11 जनवरी को उनकी टीम को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र के हाथों 70 रनों की हार झेलनी पड़ी थी। अभिषेक ने इस टूनामेंट के 8 मैचों में एक सेंचुरी और 3 फिफ्टी के सहारे 467 रन बनाए हैं। पिछले साल गर्लफ्रेंड ने सुसाइड की थी, क्रिकेटर से भी पूछताछ हुई थी पिछले साल अभिषेक शर्मा की एक्स गर्लफ्रेंड तानिया सिंह ने 19 फरवरी 2024 को सूरत स्थित अपने घर में सुसाइड कर लिया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए द. अफ्रीका की टीम में नोर्टजे-एनगिडी की वापसी

● प्रिटोरिया, वार्ता

**दक्षिण** अफ्रीका ने 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम में तेज गेंदबाज एनरिक नोर्टजे और लुंगी एनगिडी को जगह दी हैं।

चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चोट के कारण चार से सात महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने वाले नोर्टजे और एनगिडी को दक्षिण अफ्रीका की टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। नोर्टजे पैर की अंगुली टूटने तथा एनगिडी कमर की चोट के कारण टीम से बाहर थे। एनगिडी ने पार्ल रॉयल्स के लिए एसए-20 में वापसी की है, जबकि नोर्टजे आने वाले हफ्तों में प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खेलने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं। इस टीम में भारत में 2023 एकदिवसीय विश्वकप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टीम के 10 खिलाड़ी हिस्सा है। वियान मुल्डर, टोनी डी जॉर्जी और रयान रिकेल्टन पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद कोच रॉब वाल्टर ने बताया कि चयन को लेकर एनरिक नोर्टजे और गेराल्ड कोएत्जी के बीच




सीधा मुकाबला था। उन्होंने कहा कि एनरिक का चयन अनुभव के आधार पर किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम इस प्रकार हैः- टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और रासी वैन डेर डुसेन।



# गॉफ-स्वियाटेक जीतीं, सितसिपास हारे

### कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में केनिन को हराया

### इगा स्वियाटेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया

### सितसिपास को हराकर एलेक्स मिशेलसन ने किया उलटफेर

**मेलबर्न, वार्ता** : अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने आत्मविश्वास के साथ शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल के पहले दौर में हमवतन सोफिया केनिन को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने केनिन को 6-3, 6-3 से हराया। मैच के दौरान उन्होंने अपने शक्तिशाली सर्विस से प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को प्रभावित किया। उन्होंने मैच के दौरान 12 ऐस और 28 विनर लगाए। नौ डबल फॉल्ट के बावजूद सर्विस पर उनका दबदबा रहा। दूसरे दौर में गॉफ का मुकाबला ब्रिटेन की जोडी बर्जेस से होगा। वहीं विश्व की दूसरे नंबर की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को पहले दौर के मैच में चेक गणराज्य की खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में विजयी अभियान की शुरुआत की। यहां चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने 81 मिनट तक चले मुकाबले में कैटरीना सिनियाकोवा को सीधे सटों में 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में स्वियाटेक का मुकाबला स्लोवाकिया की रेबेका स्त्रामकोवा के साथ होगा। मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यहां हर स्टेडियम में खेलना पसंद है। जॉन कैन में मैंने



कई बेहतरीन मैच खेले है। वहीं अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है।

उन्होंने मैच के दौरान निंभिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाये।। मैच के बाद मिशेलसन ने कहा कि मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया। मुझे मालूम था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे जीत सका। यह सब आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ प्रदर्शन किया और अपनी रणनीति पर सही तरीके से अमल किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)